डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमा:-शो की वनर बनी ये नन्ही कंटेस्टेंट, चमचमाती ट्रॉफी के साथ मिला लाखों का चेक

वर्ष -08 अंक -274 प्रयागराज सोमवार, 23 जनवरी, 2023 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के अब तक राम लला के दर्शन नहीं करने पर उठे सवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कानपुर ।** विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अब तक अयोध्या में रामलला का दर्शन नहीं करने पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा, राहुल बताएं कि उन्हें भगवान राम का दर्शन करने से किसने रोक रखा है जबकि उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल समेत कई नेता अब तक दर्शन कर चुके हैं।



गोविन्दनगर स्थित श्रीमुनि हिंदू इंटर कालेज में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण अगले साल पूरा हो जाएगा। इसी वर्ष रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। विहिप के दो दिवसीय बैठक के समापन की जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन के दौरान संगठन विस्तार की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विहिप कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि उसके क्षेत्र में धर्मांतरण न हो। गोवंश की हत्या न हो। उन्होंने कहा कि विहिप के लिए हिंदू समाज एक है, जातियां और गुरु परिवार, रीति-रिवाज अलग हो सकते हैं लेकिन सभी हिंदू एक हैं। आज जो राम का विरोध कर रहे हैं भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे। संगठन के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख ओमेन्द्र अवस्थी ने बताया, दो दिवसीय समीक्षा के दौरान बताया गया कि संगठन के प्रयास से 4809 गोवंश रक्षा, 119 ग्रामों में 340 किसानों को गोआधारित कृषि प्रशिक्षण और 258 युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया।

## पीएम मोदी ने पराक्रम दिवस पर नेताजी को दी श्रद्धांजलि, ट्वीट में लिखा उनके विजन को साकार करने का प्रयास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको नमन किया। पीएम मोदी ने एक ट्वीट शेयर करते हुए कि लिखा कि औपनिवेशिक शासन के खिलाफ उनके उग्र प्रतिरोध के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। मोदी सरकार ने 2021 में आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' का नाम दिया है। आज सुबह साढ़े 10 बजे पीएम मोदी संसद भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। नेताजी को याद करते हुए पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा, आज पराक्रम दिवस पर, मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और भारत के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान को याद करता हूं। उन्हें औपनिवेशिक शासन के प्रति उनके उग्र प्रतिरोध के लिए याद किया जाएगा। हम भारत के लिए उनके विजन को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। अंडमान-निकोबार के द्वीप समूहों का नाम रखेंगे पराक्रम दिवस के मौके पर पीएम मोदी आज अंडमान-निकोबार के कुल 21 द्वीप समूहों का नाम रखने वाले हैं। दरअसल, पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे अंडमान-निकोबार के 21 द्वीप समूहों का नाम परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखेंगे। इसी के साथ पीएम मोदी नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनने वाले नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का भी अनावरण करेंगे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पराक्रम दिवस पर ट्वीट करते हुए लिखा, सभी देशवासी भारत माता के एक महान सपूत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। नेताजी असाधारण साहस और देशभक्ति के प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व में लाखों लोग भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए थे। सभी भारतवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें याद करते हुए ट्वीट किया, अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता से नेताजी ने लोगों को संगठित किया और 'आजाद हिन्द फौज' बनाकर आजादी के लिए सशस्त्र आंदोलन किया। उनके साहस और संघर्ष को पूरा देश नमन करता है। आज नेताजी की 126वीं जयंती पर उनका स्मरण कर देशवासियों को 'पराक्रम दिवस' की बधाई देता हूं।



## तवांग में चीनी सैनिकों से झड़प के बाद पहली बार अरुणाचल पहुंचे सेना प्रमुख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** चीन के सैनिकों को धूंण् पर मुंहतोड़ जवाब देने वाले सैनिकों से आज देश के थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मुलाकात की है। जनरल पांडे ने पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में एलएसी के साथ लगे इलाके का दौरा कर सैनिकों से सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पैनी चौकसी बनाए रखने के लिए उनकी सराहना की और सभी को समान उत्साह और समर्पण के साथ काम करना जारी रखने का आह्वान किया। बता दें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा हाल ही में लद्दाख के भारत-चीन बोर्डर पर तैनात अपने सैनिकों से विडियो संवाद कर युद्ध तैयारियों का जायजा लिया था। सेना प्रमुख की ये यात्रा उसी के जवाब में देखी जा रही है। अरुणाचल में चीन के साथ लगने वाली एलएसी पर तैनात भारतीय सैनिकों से सेना प्रमुख ने मिलकर उनका हौंसला बढ़ाया और ऐसे ही चीन को मुंहतोड़ जवाब देने को कहा। सीमा पर तैनात कमांडिंग ऑफिसर्स ने सेना प्रमुख को युद्ध तैयारियों की जानकारी दी। बता दें कि सेना प्रमुख ने अरुणाचल का चीनी सैनिकों के साथ तवांग में भारतीय सेना से हुई झड़प के 6 सप्ताह बाद दौरा किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हाल ही में 3 जनवरी को तवांग का दौरा किया था। राजनाथ ने सीमा सुरक्षा संगठन (बीआरओ) द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्टस का उद्घाटन किया था। बता दें कि भारत सरकार द्वारा पर तेजी से पूरे किए जा रहे प्रोजेक्टस से ही चीन तिलमिलाया हुआ है। अरुणाचल की तवांग सीमा पर भारतीय सेना की चीनी सैनिकों के साथ 9 दिसंबर को झड़प हो गई है। चीनी सैनिकों द्वारा भारत की सीमा में घुसने की कोशिश को भारतीय सैनिकों ने विफल किया था। उस झड़प में कई चीनी सैनिक घायल हुए थे।



## सरकारी बैंकों की आर्थिक स्थिति मजबूत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की वजह से इस बार के बजट में सरकार की ओर से पूंजी निवेश की घोषणा होने की संभावना कम है। मौजूदा समय में सरकारी बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी है और वे एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुनाफे के ट्रैक पर हैं। सूत्रों की ओर से ये जानकारी दी गई। बैंकों में पूंजी की मात्रा दर्शाने वाला कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो भी 14 से 20 प्रतिशत के बीच बना हुआ है, जो नियमन की ओर से निर्धारित की गई दर से काफी अधिक है। इसके साथ सूत्रों की ओर से बताया गया कि बैंक आगे के विकास के लिए फंड बाजार से अपनी नॉन-कोर ऐसैट्स बेचकर जुटा रहे हैं।पिछले पांच वित्त वर्षों (2016-17 से लेकर 2020-21) के बीच सरकार बैंकों में 3,10,997 करोड़ रुपये की पूंजी डाल चुकी है। इसमें से 34,997 करोड़ रुपये बजट आवंटन के माध्यम से और 2,76,000 करोड़ रुपये बॉन्ड के माध्यम से डाले गए थे।



## सुभाष चंद्र बोस को किसने दी नेताजी की उपाधि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** 2023 नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज 126 वीं जयंति है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 में ओडिशा के कटक में हुआ था। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा देने वाले नेताजी ने स्वतंत्रता की लड़ाई में आम लोगों में एक अलग जोश पैदा किया था। उनका यह नारा हर भारतीय को याद है। सुभाष चंद्र बोस कई बार जेल भी गए और देश की पहली भारतीय फोज 'आजाद हिंद फोज' की स्थापना की थी। लेकिन क्या आप जानते हैं उन्हें नेताजी सबसे पहले किसने कहा था, आइए जानें उनसे जुड़ी कुछ खास बातें महात्मा गांधी से थे अलग विच नेताजी सुभाष चंद्र बोस के महात्मा गांधी से विचार नहीं मिलते थे। महात्मा गांधी ने हमेशा अहिंसा की बात की थी और उसी से देश में आजादी पाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसक दांडी मार्च (नमक सत्यग्रह) निकाला था। दूसरी ओर नेताजी उनसे एकदम अलग सोच रखते थे, उनका मानना था कि देश को आजादी दिलाने के लिए अहिंसा से काम नहीं चल सकता। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की थी।आजादी की लड़ाई में लोगों में जोश भरने वाले नेताजी कई बार ब्रिटिश हुकुमत से लोहा लेते हुए जेल भी गए थे। वे 1921 से 1941 के बीच पूर्ण स्वराज के लिए 11 बार जेल गए और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आक्रोश पैदा किया। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान वे सोवियत संघ, जर्मनी और जापान भी गए और उन्होंने वहां अंग्रेजों के खिलाफ साथ देने की मांग की। ऑस्ट्रियाई युवती से किया था प्रेम विवाह नेताजी ने वर्ष 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रिया की युवती एमिली शेंकल से प्रेम विवाह किया था।



## भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुई आईएनएस वागीर, जानें कैसे समुद्र में दुश्मनों के लिए बनेगी खतरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत में बड़ा इजाफा हुआ है। आज कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी को नौसेना में शामिल किया गया। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस वागीर को नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में कमीशन किया गया है। नौसेना के अनुसार यह पनडुब्बी भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ावा देने का काम करेगी और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देगी। यह खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) पर काम करती है। सतह से सतह पर हमला करने की मिसाइल शामिल 'वागीर' का अर्थ सैंड शार्क है, जो किसी को भनक दिए बिना चुपके और निडरता से काम करती है।

## केरल विधानसभा का बजट सत्र आज से 3 फरवरी को पेश होगा राज्य का बजट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा का बजट सत्र 23 जनवरी (आज) से शुरू होगा। केरल के वित्तमंत्री केएन बालगोपाल 3 फरवरी को अपना तीसरा बजट पेश करेंगे। बता दें कि सत्र की शुरुआत केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पारंपरिक संबोधन से होगी। बजट सत्र 20 फरवरी तक चलेगा और एक सप्ताह के अंतराल के बाद 27 फरवरी से फिर से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेगा 25 से 31 जनवरी तक नहीं चलेगा विधानसभा का सत्र हालांकि, विधानसभा का सत्र 25 से 31 जनवरी तक नहीं चलेगा, क्योंकि राज्य के कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहेंगे। स्पीकर शमसीर के अनुसार, राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव 1 फरवरी को अभिभाषण पर बहस के साथ शुरू होगा। सदन का कामकाज बजट से जुड़े मुद्दों को समर्पित रहेगा। सदन की कार्य सलाहकार समिति की बैठक होगी और अगर किसी कानून की जरूरत होगी तो उसे एजेंडे में शामिल किया जाएगा पेयजल दरों में बढ़ोतरी की संभावना रिपोर्ट के अनुसार, पेयजल दरों में बढ़ोतरी की संभावना है और वित्त मंत्री द्वारा अधिकतम राजस्व जुटाने की संभावना है। सदन में बजट पर बहस के दौरान बफर जोन का मुद्दा भी उठेगा। सीपीआई-एम के नेता शाहनवाज को प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के कथित संबंधों के बाद पार्टी क्षेत्र समिति से निलंबित कर दिया गया है और कांग्रेस सदन में इसे बड़े पैमाने पर उठाएगी।



## लॉस एंजेलिस गोलीबारी के संदिग्ध ने खुद को वैन में मारी गोली, 10 लोगों ने गंवाई थी जान

**लॉस ।** लॉस एंजेलिस गोलीबारी के संदिग्ध ने खुद को गोली मार ली है। जानकारी के अनुसार, पुलिस का कहना है कि लॉस एंजेलिस सामूहिक गोलीबारी के संदिग्ध ने पुलिस द्वारा घेरे जाने के बाद खुद को वैन में गोली मार ली है। 10 लोगों की हुई थी मौत बता दें कि अमेरिका के लॉस एंजेलिस के बॉलरूम डांस क्लब में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस गोलीबारी में अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है। जिसके बाद से ही पुलिस घटना के आरोपी की तलाश कर रही थी। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने संदिग्ध की घेराबंदी की थी। जिसके बाद उसने पुलिस से बचने के लिए खुद को वैन में ही गोली मार ली।लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ रॉबर्ट लूना ने मृत व्यक्ति की पहचान 72 वर्षीय हू कैन ट्रान के रूप में की और कहा कि कोई अन्य संदिग्ध फरार नहीं है। उन्होंने कहा कि हमले का मकसद स्पष्ट नहीं है, जिसमें 10 लोग मारे गए और कई घायल हुए। पुलिस को वैन से एक असॉल्ट पिस्टल भी मिली पुलिस को एक मैगजीन से भरी सेमी-ऑटोमैटिक असॉल्ट पिस्टल भी वैन में मिली है, पुलिस को संदेह है कि इसी से ही लॉस एंजेलिस में घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि, पुलिस की ओर से इसे लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है।वहीं, राष्ट्रपति बाइडन ने भी घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि वह और प्रथम महिला जिल बाइडन उन लोगों के बारे में सोच रहे हैं, जो गोलीबारी में मारे गए और घायल हुए हैं। राष्ट्रपति ने संघीय अधिकारियों को जांच का समर्थन करने का निर्देश दिया है। घटना पर उठाए सवाल वहीं, लॉस एंजेलिस घटना पर कांग्रेस महिला जूडी चू ने कहा मेरे मन में अभी भी कई सवाल हैं, इस शूटर का मकसद क्या था? क्या उसे कोई मानसिक बीमारी थी? क्या वह एक घरेलू हिंसा दुर्व्यवहार करने वाला था? उसे ये बंदूकें कैसे मिलीं और क्या यह कानूनी माध्यम से थी या नहीं।बता दें कि कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित मोंटेरे पार्क शहर में शनिवार रात हुई गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। यह घटना रात करीब 10.20 बजे की है। 60,000 निवासियों वाले शहर मोंटेरे पार्क में बड़ी संख्या में एशियाई आबादी रहती है। एक चश्मदीद ने बताया कि तीन लोग उसके रेस्तरां में भागते हुए आए और उसे दरवाजा बंद करने को कहा। उन्होंने बताया कि इलाके में मशीन गन लिए एक शख्स है जो गोलीबारी कर रहा है।



## पाकिस्तान के कई शहरों में बिजली गुल, ग्रिड फेल होने के चलते अंधेरे में डूबे शहर



इस्लामाबाद। एक तरफ जहां पाकिस्तान आर्थिक संकट के गर्त में फंसा है वहीं पाकिस्तान में अब बिजली संकट भी गहरा गया है। क्वेटा और गुड्डू के बीच हाई-टेंशन ट्रांसमिशन लाइनों में खराबी के चलते देश के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल हो गई। पाकिस्तान पहले से बिजली की किल्लत और लंबी कटौती का सामना कर रहा है। सरकार बिजली बचाने के लिए बाजारों को 8 बजे ही बंद करने का आदेश जारी कर चुकी है। ट्रांसमिशन लाइनों में तकनीकी खराबी बलूचिस्तान के 22 जिलों सहित क्वेटा, इस्लामाबाद, लाहौर, मुल्तान क्षेत्र के शहरों और कराची जैसे कई जिलों में बिजली कटौती हुई है। लाहौर में मॉल रोड, कनाल रोल्ड और अन्य क्षेत्रों में लोग बिजली कटौती के संकट से जूझ रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि वो मामले की जांच कर रहे हैं। खबरों के अनुसार ट्रांसमिशन लाइनों में तकनीकी खराबी के चलते सिंध, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और राजधानी में बिजली ठप हो गई है।

## भारत में अमेरिकी वीजा के लिए हर शनिवार होंगे विशेष इंटरव्यू, दिल्ली-मुंबई समेत इन शहरों में बढ़ाया स्टाफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत में वीजा की प्रक्रिया को लंबा खींचने से रोकने के लिए अमेरिका ने नई पहल की है। उसने पहली बार के वीजा आवेदकों के लिए विशेष इंटरव्यू का आयोजन किया है और अपने काउंसलर कर्मचारियों की तादाद भी खासी बढ़ा दी है। इन शहरों में बढ़ाया स्टाफ भारतीयों के लिए अमेरिकी वीजा के बैकलाग को कम करने के लिए अमेरिका ने कई बड़े कदम उठाए हैं। दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास और मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद स्थित कांसुलेट में विशेष शनिवार को इंटरव्यू का दिन निर्धारित किया गया है। यह इंटरव्यू पहली बार इन सभी शहरों में 21 जनवरी को हुए।अमेरिकी दूतावास ने रविवार को बताया कि शनिवार विशेष की इंटरव्यू श्रृंखला में पहली बार 21 जनवरी को अमेरिकी मिशन ने भारत में इंटरव्यू की नई व्यवस्था की शुरुआत की है। पहली बार के वीजा आवेदकों के लिए लंबे इंतजार को कम करने की नीयत से यह कदम उठाए गए हैं। जिन प्रथम आवेदकों को इन-पर्सन वीजा इंटरव्यू की आवश्यकता थी, उन्हें अमेरिकी दूतावास ने नई दिल्ली में और अमेरिकी कांसुलेट ने मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद में शनिवार को भी अपने कार्यालय खोलते हुए आवेदकों की लंबी लाइनों को जल्द से जल्द कम करने की कोशिश की। आने वाले महीनों में वीजा अप्वाइंटमेंट के लिए अतिरिक्त स्लाट के लिए यह अभियान जारी रहेगा। अमेरिकी दूतावास के अनुसार, कोविड-19 के कारण वीजा प्रक्रिया में हुई पूर्व की देरी के कारण एक अरसे से बहुत से वीजा आवेदन लंबित हैं। इन सबके निस्तारण के लिए अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस वर्ष जनवरी और मार्च के बीच वाशिंगटन और अन्य दूतावासों से बहुत से अस्थाई काउंसलर अफसर भारत आएंगे। यह सभी वीजा जारी करने की क्षमता को बढ़ाने में अपना भरपूर योगदान देंगे। ध्यान रहे कि भारत में अमेरिकी मिशन ने ढाई लाख से अधिक अतिरिक्त बी1/बी2 अप्वाइंटमेंट किए हैं। बी1 बिजनेस वीजा और बी2 टूरिस्ट वीजा है। गर्मियां आते-आते भारत में अमेरिकी मिशन के सभी कर्मचारी पूरे हो जाएंगे, जो कोविड-19 के दौरान कम कर दिए गए थे। दूतावास ने बयान में कहा कि यात्रा के सारे प्रतिबंध हटाए जा चुके हैं और यात्रा के लिए भारत अमेरिका की वरीयता पर है। वर्ष 2022 में आठ लाख से अधिक गैर आव्रजक वीजा जारी किए गए थे। इसमें बड़ी तादाद में छात्र और रोजगार संबंधी वीजा हैं।



# केंद्रीय कारागार, नैनी में चली मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर क्लास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हर महीने 2 दिन मनोवैज्ञानिकों द्वारा बंदियों की चलेगी ङनशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य पर ग्रुप-थेरेपी जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रयागराज की टीम द्वारा डॉ राजेश कुमार नोडल अधिकारी एन.सी.डी सेल, प्रयागराज के नेतृत्व में केंद्रीय कारागार, नैनी में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का आयोजन. केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों में डॉ वेद प्रकाश( जेल चिकित्सा अधिकारी) श्री शशिकांत सिंह (वरिष्ठ जेल अधीक्षक) एवं. श्री आर.के सिंह. (उप जेल अधीक्षक) द्वारा मरीजों के हित में मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ एवं संयमित रखने हेतु किया गया मुख्य वक्ता के रूप में नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. ईशान्या राज द्वारा बंदियों को बताया गया कि जिंदगी में हमें शीशे की गेंद बनते हुए ठोकर खाकर चूर चूर होकर बिखरना नहीं है बल्कि रबड़ का गेंद बनकर ठोकर लगने पर बाउंसबैक करना सीखना बहुत जरूरी हैत् इसी बाउंसबैक में मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों जैसे, मानसिक परेशानियों को पहचानना, स्वीकारना और सही उपचार के लिए आगे आना, नशा मुक्त जीवन



यापन करना आदि हमारी जिंदगी में विशेष महत्व रखते हैं मनोचिकित्सक, डॉक्टर राकेश कुमार पासवान द्वारा जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों मैं दवाइयों की अहम भूमिका पर चर्चा की गई तथा बताया गया कि दवाइयां से मानसिक परेशानी से ग्रसित व्यक्ति जब ठीक होता है, तो दवाइयां छोड़ देता हैत् जिसके कारण उसके अंदर लक्षण दुबारा से जन्म लेते हैं और फिर से वह मानसिक परेशानी का शिकार होने लगता है इसीलिए दवाइयां भी मानसिक परेशानी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है डॉ वेद प्रकाश द्वारा बताया गया कि किस तरीके से शारीरिक परेशानियां और मानसिक परेशानियां आपस में संबंधित होती है और व्यक्ति के पूर्ण विकास में सही समय पर इलाज ना करने से बाधा उत्पन्न करती है वरिष्ठ जेल अधीक्षक महोदय श्री शशीकांत सिंह द्वारा बंदियों को बताया गया कि कैसे तनाव प्रबंधन में शेर को आता देख हिरण की तरह घबरा के भाग जाने से अच्छा है किहअर्जुन की तरह युद्ध लड़के, यानी तनाव से लड़के, तनाव पर काबू पाना हम सब के लिए कितना जरूरी है श्री आर.के सिंह, उप जेल अधीक्षक ने बताया कि हर वह बंदी मानसिक रूप से परेशान है जो यहां बंद है इसीलिए मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत को समझते हुए उस पर काम करना हम सबके लिए बहुत जरूरी है कार्यशाला में श्री शैलेश कुमार ,साइकेट्रिक नर्स , श्री अंकित द्विवेदी, मनोवैज्ञानिक काउंसलर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी,संगम की रेती पर उमड़ा जनसैलाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर देशभर की नदियों में श्रद्धालु स्नान ध्यान कर दान पुण्य कर रहे हैं।मौनी अमावस्या के दिन मान्यता है कि मौन रखकर दान पुण्य करने



से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।संगम नगरी में माघ मेले के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शनिवार को सुबह दस बजे तक 85 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।देर रात से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब संगम तट पर उमड़ पड़ा। पौ फटते ही डुबकी शुरू हो गई।श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाने के बाद विधि विधान से मां गंगा का पूजन अर्चन कर दीपदान किया। हाड़ कंपाने वाली ठंड में भी श्रद्धालुओं का आस्था भारी पड़ी। श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।घाटों के अलावा पूरे माघ मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। पैदल के अलावा घुड़सवार पुलिस के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जल पुलिस के जवानों की तैनी की गई।संगम जाने के सभी रास्ते पैक हो गए है। मौनी अमावस्या पर शनिवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में संगम पर मौन डुबकी लगेगी।इस बार शनिवार को अमावस्या होने से इस स्नान पर्व पर डुबकी विशेष फलदायी होगी।ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक मौनी अमावस्या शनिवार की सुबह 6:16 बजे से रविवार की रात 2:22 बजे तक रहेगी। इस बीच सर्वार्थ सिद्धि योग लग रहा है। ऐसे में पुण्य की डुबकी से मनसा , वाचा, कर्मणा तीनों तरह के पापों के शमन के योग हैं। ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र के मुताबिक सुबह 8:33 से 9:52 बजे के बीच स्नान-दान का सबसे उत्तम मुहूर्त है मौनी अमावस्या पर संगम में डुबकी लगाने के लिए उमड़े श्रृद्धालुओं के जनसैलाब के बीच आधी रात शुरू हुई बारिश ने लाखों श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा दी।माघ मेला क्षेत्र में सड़कों और पटरियों पर जमे बड़ी संख्या में लोग भीग कर ठिठुरते रहे।शिविरों में भी कई जगह पानी लग गया।इससे लोग ठंड के साथ बारिश की दोहरी मार का सामना करने के लिए मजबूर हो गए। रात लगभग 11:30 बजे बारिश शुरू होने से माघ मेला क्षेत्र में आफत सी आ गई। लगभग आधे घंटे तक हुई बारिश में शिविरों का हाल बेहाल हो गया।

# सरस्वती इंटर कॉलेज सगरा सुंदरपुर के छात्र-छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सगरा सुंदरपुर में स्वर्ण जयंती वर्ष प्रोफेसर रज्जू भैया की स्मृति में एक भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वन्दना के बाद स्वागत गीत लेकर आईं मुस्कान बानो एवं सुधा सरोज व अन्य छात्राएं।इन छात्राओं का गीत मुख्य अतिथि एवं उपस्थित दर्शकों को सम्मान की अनुभूति से भर दिया।कार्यक्रम में वसंत गीत ने जहाँ वसंत की आहट आहट का संदेश देकर लोगों को भावविभोर किया तो वहीं होली का गीत भी आनंद की सरिता में श्रोताओं को निमग्न किया। सामाजिक कुरीतियों पर एकांकी और प्रहसन ने लोगों को न केवल संदेश दिया बल्कि उन्हें खूब हँसाया और गुदगुदाया। कॉलेज के संस्थापक एवं प्रबंधक मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिवाकांत ओझा पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में शिक्षा की महत्ता एवं उपादेयता पर प्रकाश डाला।उन्होंने ग्रामीण अंचल में अपने द्वारा स्थापित इस कालेज के उद्देश्यों का भी विधिवत उल्लेख किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।इस अवसर पर प्रेम शंकर द्विवेदी, बालेंद्र ओझा,आशुतोष सिंह, अशोक शुक्ला,वीर नारायण तिवारी आदि शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।कार्यक्रम में मुस्कान बानो, सुधा सरोज,सृष्टि त्रिपाठी,रिचा पांडे,मेधा पांडे,अंशिका तिवारी, सपना जोशी, आस्था,आराध्या, शगुन,अभिजीत,दीपांशी,रेणुका ,शाश्वत मिश्रा आदि ने विविध कार्यक्रमों में अपनी सरस भूमिका का निर्वहन किया।इस अवसर पर रामजी जायसवाल,श्याम जी जायसवाल,राजेश मिश्र,देवी प्रताप सिंह,डॉ0हरीश चंद्र शुक्ला,राम अवधेश मिश्र उप प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर,लालता प्रसाद पांडे,उमेश मिश्र सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।कॉलेज की दो पूर्व छात्राएं रत्ना मिश्रा आत्मजा राजेश चंद्र मिश्र को असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर एवं रिचा ओझा पुत्री ललित नारायण ओझा को डिप्टी जेलर बनने पर पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र प्रताप सिंह जी अवकाश प्राप्त अध्यापक जिला संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया।

# मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट करेगा बिरादरी के कमजोर बच्चों की तालीम में मदद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट का एक जलसा सगरा सुंदरपुर में आयोजित किया गया जिसको बतौर गरीबों,यतीमो,को हरसंभव सहायता प्रदान करना ट्रस्ट की पहली प्राथमिकता होती है। हम-सब मिलकर एक मजबूत संगठन बच्चों की पहचान करेगा जो तालीम हासिल करना चाहते हैं और जिंदगी में मुकाम हासिल करना चाहते हैं।उन्हें हर संभव सहायता देकर



मुख्य अतिथि खिताब करते हुए प्रदेश महासचिव शकील मनिहार ने कहा कि बिरादरी की तालीम से ही इस बिरादरी की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रस्ट बिरादरी के कमजोर लोगों के बच्चों की तालीम के लिए खुले दिल से अपना हाथ बढ़ाएगा और उनकी तालीम में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।लालगंज तहसील अध्यक्ष मौलाना शाबान नूरी मनिहार की अध्यक्षता और इसरार अहमद उर्फ गुड्डू के संयोजन में हुई इस बैठक में भारी संख्या में मनिहार समाज के लोगों ने शिरकत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष हाफ़िज़ रियाज़ अहमद ने कहा कि समाज में बनाएं जिससे हमारे समाज में फैली बुराईयों को खत्म किया जा सके।उन्होंने प्रतापगढ़ जिले में जिला अध्यक्ष डॉ0सूफ़ी मुश्ताक अहमद मनिहार की अध्यक्षता में बढ़ रहे इस टेस्ट की खुले दिल से सराहना की। जिलाध्यक्ष सूफी डॉ0मुस्ताक अहमद ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रतापगढ़ ज़िला एक मजबूत ज़िले के रूप में उभर कर सामने आएगा।प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि हम-सब अपनी सोच को सकारात्मक रखें मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट के प्रति विश्वास बनाएं रखें। जिला महासचिव अमीन सिद्दीकी ने कहा यह ट्रस्ट बिरादरी के गरीब और मजलूम लोगों के उन उन्हें तालीम दिलवाई जाएगी। बैठक में न्यूज स्टैण्डर्ड दैनिक समाचार पत्र के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ0रणजीत सिंह का ट्रस्ट के द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया।उन्होंने भी अपने शैक्षिक विचारों को बैठक में रखा। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद शफीक,अब्दुल कादिर अमेठी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,शाहिद अली,सद्दाम हुसैन मीडिया प्रभारी,समीम अहमद,मुखतार अहमद, डाक्टर असद, मोहम्मद ईशा, मुश्ताक अहमद, कुद्दूस,मो0 मुकीम,अकबर अली,मोहम्मद मुख्तार,मोहम्मद असलम,हन्नान भाई,इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# अनावरण करते हुये आलाकत्ल व घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल को किया गया बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** साधारण मारपीट की घटना मे बदला लेने के उद्देश्य से की गयी हत्या के चार नफर वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा 48 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण करते हुये आलाकत्ल व



घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल को किया गया बरामद **प्रयागराज घूरपुर घटना विवरण** दिनांक 18/19.01.2023 को सूचना प्राप्त हुयी कि दौना मंदिर से 300 मीटर दक्षिण दिशा में एक व्यक्ति का शव पड़ा हैं, सूचना पर तत्काल घूरपुर पुलिस व अधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। शव की शिनाख्त श्वेतान्श उर्फ अमन मिश्रा के रूप में हुई। उक्त सम्बन्ध में थाना घूरपुर में मु0अ0सं0 24/2023 धारा 147/148/149/302/201/506/34 भादंवि0 पंजीकृत किया गया। **गिरफ्तारी विवरण-** श्रीमान् पुलिस आयुक्त जनपद प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् सहायक पुलिस उपायुक्त यमुनानगर व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कौधियारा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में घूरपुर पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान पाया गया कि शव पर धार दार हथियार से चोंट होने के बावजूद घटना स्थल पर कोई खून के निशान नही पाये गये जिससे यह संदेह उत्पन्न हुआ कि मृतक की हत्या कही और करके शव को छिपाने के उद्देश्य से यहा लाकर डाला गया था। विवेचना दौरान बात प्रकाश मे आयी कि मृतक श्वेतान्श उर्फ अमन मिश्रा का कुछ माह पूर्व नितीश केशरवानी पुत्र मल्लू केशरवानी निवासी लालचन्द्र इण्टर कालेज के सामने जसरा बाजार थाना घूरपुर प्रयागराज के साथ साधारण मारपीट की घटना हुयी थी और मृतक दिनांक 18.01.2023 को नितीश केशरवानी के घर के पास देखा गया था। सुरागरसी पतारसी व अन्य लोगों से पूछताछ व मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुयी कि मृतक श्वेतान्श उर्फ अमन मिश्र की हत्या नितीश के परिवार वालों द्वारा बदला लेने के उद्देश्य से घर के अन्दर की गयी है। मुखबिर की सूचना पर अमिलिया तिराहे से दिनांक 21.01.2023 की रात समय 19.02 बजे 02 व्यक्तियों 1.पुरुषोत्तम केशरवानी पुत्र मल्लू केशरवानी व 2.शुभम केशरवानी पुत्र मल्लू केशरवानी निवासीगण लालचन्द्र इण्टर कालेज के सामने जसरा बाजार थाना घूरपुर प्रयागराज को गिरफ्तार कर कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम तीनो भाई व घर की महिलाये माँ शिवकली व पत्नी ममता ने मारपीट की घटना का बदला लेने के लिए योजना बनाकर एक राय होकर श्वेतान्श की हत्या घर के अन्दर कमरे मे ले जाकर कर दिया तथा लाश को छिपाने के उद्देश्य से ले जाकर दौना मंदिर से 300 मीटर दक्षिण मे ले जाकर फेक दिया । जिस चापड़ से हम लोगो ने उसकी हत्या की है वह घर पर बक्से के नीचे छिपा दिया था। अभियुक्त शुभम केशरवानी की निशांदेही पर आलाकत्ल रक्तरंजित चापड़ उसके घर से बरामद किया गया तथा घटना मे प्रयुक्त हीरो होण्डा नं0 ळझ 70 ँ3 7038 भी बरामद की गयी । कमरे का निरीक्षण करने के दौरान कमरे की दीवारो फर्श आदि जगहो पर खून के छीटें चारो तरफ फैले हुये पाये गये। अभियुक्तगणो को थाने पर लाकर दाखिल किया गया तथा कुछ समय बाद मुखबिर खास ने आकर यह सूचना दिया कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तागण कही भागने की फिराक मे चाका ब्लाक के पास मौजूद है। अगर जल्दी किया जाये तो पकड़ी जा सकती है। उक्त के क्रम मे चाका ब्लाक पहुँचकर अभियुक्ता शिवकली व ममता को चाका ब्लाक तिराहे से दिनांक 22.01.2023 को समय 09.10 बजे गिरफ्तार किया गया तथा 48 घण्टे के अन्दर हत्या का खुलासा करते हुये मु0अ0सं0 24/2023 धारा 147/148/149/302/201/506/34 भादंवि0 मे अभियुक्तगण/अभियुक्तागण को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है। **गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता-** 1. शुभम केशरवानी पुत्र मल्लू केशरवानी 2. पुरूषोत्तम केशरवानी पुत्र मल्लू केशरवानी 3. श्रीमती शिवकली पत्नी मल्लू केशरवानी 4. श्रीमती ममता केशरवानी पत्नी पुरूषोत्तम केशरवानी निवासीगण लालचन्द्र इण्टर कालेज के सामने जसरा बाजार जसरा घूरपुर प्रयागराज **पंजीकृत अभियोग-** 1.मु0अ0सं0 24/2023 धारा 147/148/149/302/201/506/34 भादंवि0 थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 2.मु0अ0सं0 30/2023 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज **बरामदगीः-** 1.आलाकत्ल रक्तरंजित चापड़ 2.घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 2. उ0नि0 ताराचन्द्र चौकी प्रभारी गौहनिया थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 3. हे0का0 सुभाष राम निषाद थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 4. का0 राम विनय यादव थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 5. म0का0 कीर्ति गुप्ता थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज 6. म0का0 नैन्सी थाना ।





# विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक समरसता कार्यक्रम सीतापुर मे हुआ सफल आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सामाजिक समरसता और खिचड़ी सहयोग कार्यक्रम नैपालापुर स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में कहा की सामाजिक समरसता के माध्यम से भाईचारा का संदेश बढ़ाया जा सकता है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव जी प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम जी जिला संगठन मंत्री कमलेश सिंह जी जिला सह मंत्री श्री त्रिपुरेश जी उमेश बोक्शा जी व कार्यक्रम के आयोजक नगर टीम के नगर अध्यक्ष श्री प्रमोद सिंह जी नगर संयोजक सूरज जी नगर सह संयोजक लवकुश जी प्रशांत जी सदर बाजार प्रखंड के नेतराम जी काशी राम कालोनी प्रखंड के संदीप सक्सेना जी, डॉ बालकृष्ण जी साहिल जी दीपक जी सूरज जी सुनील जी दिवाकर जी जितेंद्र जी धर्मेंद्र जी धीरेंद्र जी आदि नगर व जिले के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की।

# श्रमिक अपनी पुत्रियों के विवाह हेतु करें आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** सहायक श्रमायुक्त आर0के0 पाठक ने बताया है कि जनपद में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्रियों के विवाह हेतु दिनांक 01 मार्च 2023 को जनपद प्रयागराज के परेड ग्राउण्ड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।सामूहिक विवाह कार्यक्रम मण्डलीय कार्यक्रम है जिसमें जनपद प्रतापगढ़ के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया जाना है। उन्होने बताया है कि जनपद के समस्त ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनका पंजीयन 01 वर्ष या उससे अधिक पुराना हो वह प्रस्तावित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अपनी पुत्रियों के विवाह हेतु कार्यालय सहायक श्रमायुक्त पल्टन बाजार चम्पा सूर्ती प्रतापगढ़ से आवेदन प्राप्त कर वांछित अभिलेखों सहित कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्रियों के विवाह हेतु प्राप्त होने वाले हितलाभों के सम्बन्ध में बताया है कि 65000 रूपये की धनराशि पंजीकृत श्रमिक के आधार लिंक खाते में भुगतान किया जायेगा, इसके अतिरिक्त वर एवं वधू की पोशाक क्रय हेतु 10000 रूपये की धनराशि सामूहिक विवाह की प्रस्तावित तिथि से 01 सप्ताह पूर्व पंजीकृत श्रमिक के खातें अंतरित की जायेगी। उन्होने बताया है कि पंजीकृत श्रमिक आवेदन के साथ श्रमिक का पंजीयन कार्ड, श्रमि के आधार कार्ड, पंजीकृत श्रमिक के पति अथवा पत्नी के आधार कार्ड (जैसी स्थिति हो), पंजीकृत श्रमिक के बैंक पासबुक, होने वाले वर एवं वधू के आधार कार्ड, वर और वधू के आयु प्रमाण पत्र (परिवार रजिस्टर की नकल अथवा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति), पंजीकृत श्रमिक/आवेदक के राशन कार्ड या परिवार रजिस्टर की छायाप्रति, श्रमिक, वर और वधू की 3-3 नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो, पिछले 12 माह में 90 दिन या उससे अधिक निर्माण श्रमिक का कार्य करने का प्रमाण पत्र, सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सहमति पत्र तथा कन्या का विवाह पूर्व में न होने का शपथ पत्र के अभिलेख संलग्न किये जायेंगे।

# केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी बोले 'घाटा खत्म होने पर तेल कंपनियों से कीमतें कम करने को कहूंगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि बीते नौ महीने से देश में तेल की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। इनकी कीमतें प्रतिशत बढ़ीं। अमेरिका में यह वृद्धि 34, कनाडा में 36, स्पेन में 25, स्पेन में 25 और ब्रिटेन में 10 प्रतिशत रही। दिसंबर 2021 में देश में डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था, जो तक तेल अन्वेषण क्षेत्र को पांच लाख वर्ग किलोमीटर और 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा



घटाने का अधिकार सरकार के पास है भी नहीं। मगर, मैं तेल कंपनियों से अनुरोध करूंगा कि यदि अंतरराष्ट्रीय कीमतें नियंत्रण में हैं और घाटा खत्म होता है तो कीमतें कम कर दें। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी रविवार को वाराणसी में नमो घाट पर आयोजित सीएनजी बोट रैली के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें बढ़ीं, लेकिन तेल कंपनियों ने इसका बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला। डीजल की कीमतें दिसंबर, 2021 से दिसंबर, 2022 के बीच केवल तीन एक साल बाद 89.62 रुपये हो गया। पेट्रोल 95.41 रुपये से बढ़कर 96.72 रुपये प्रति लीटर हो गया। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है-पुरी हरदीप पुरी ने कहा कि सरकार ने 2020 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 13 रुपये और डीजल पर 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी, जब महामारी में वैश्विक ऊर्जा कीमतों को कम कर दिया था। उत्पाद शुल्क में यह वृद्धि नवंबर 2021 और मई 2022 में दो किस्तों में वापस ले ली गई। कुछ राज्यों ने भी ईंधन पर वैट या स्थानीय बिक्री कर में कटौती की। सरकार 2025 उपभोक्ता देश है। वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों और गैस व ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि भारत 85 प्रतिशत तेल और 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। 2025 तक हमारे पास 20 प्रतिशत एथेनाल मिश्रित पेट्रोल होगा। पुरी ने कहा कि वाराणसी में गंगा किनारे दूसरा सीएनजी टर्मिनल वाराणसी के रविदास घाट पर बनेगा। वाराणसी में 580 नावें सीएनजी संचालित हैं और जल्द यह संख्या 2000 हो जाएगी। काशी में जल्द ग्रीन हाइड्रोजन से नावें संचालित होंगी।

# संस्था की सफलता का मूल आधार होता है अभिलेखीकरण: विमल कुमार सिंह



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हरहुआ।** किसी भी संस्था की सफलता का मूल आधार होता है उसके कार्यों का अभिलेखीकरण उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चल रहे ग्राम संगठन पुस्तक संचालकों के पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में व्यक्त की। जिला मिशन प्रबन्धक श्रवण कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर ने पुस्तक संचालकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षण में दी गयी अभिलेखीय जानकारी को अच्छी तरह से सीखें और इसे अपने-अपने ग्राम संगठनों में लागू करें। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बी.आर.पी. लीलावती मौर्या व संगीता मौर्या द्वारा प्रतिभागियों को ग्राम संगठन फण्ड, कार्यवाही रजिस्टर, ऋण व ब्याज निकालने का तरीका, वादा पत्र तैयार करना आदि विस्तार से सिखाया । प्रशिक्षण में विक्रम सिंह, अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, मुलायम सिंह यादव सहित वाराणसी जनपद के विकास खण्ड आराजीलाइन व चोलापुर से चयनित 30 ग्राम संगठन पुस्तक संचालक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व बैग वितरित किया गया।

# धीमी बूंदा बांदी ने ही खोली पोल, कई जगह परेशान रहे लोग



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** ठंडी के मौसम में साल की पहली बारिश ने ही पहड़िया मंडी की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया। रविवार की सुबह हुई हल्की बारिश से मंडी की सड़कों पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया। साथ ही वहां पर आने जाने वाले वाहनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। दो पहिया वाहन सवार फिसल जा रहे थे। साथ ही मंडी में पहुंचने वाले ग्राहकों को खरीदारी में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय व्यापारी और मंडी के अध्यक्ष किशन सोनकर ने बताया कि इसी तरह हर साल मंडी में बारिश के समय परेशानी झेलनी पड़ती है। जिसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है।

# बोलेरो ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर,दो की मौत,एक गंभीर रूप से घायल, मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा निवासी अक्षय खरवार उर्फ सोनू अपने दो दोस्तों के साथ शनिवार को रतसर निवासी अपने मामा के यहां किसी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात को भोजन करने के बाद तीनों एक ही बाइक से घर वापस लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार बलिया-सिकंदरपुर मार्ग पर खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपर गांव के सामने शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन से धक्के से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।यहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। तीसरे का इलाज जारी है। खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा निवासी अक्षय खरवार उर्फ सोनू (28) पुत्र मार्कण्डेय खरवार अपने दो दोस्तों विपिन खरवार (42) पुत्र शंभू खरवार व सुनील खरवार



(30) पुत्र गुलाब चंद्र उर्फ कुदन खरवार के साथ शनिवार को रतसर निवासी अपने मामा के यहां किसी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात को भोजन करने के बाद तीनों एक ही बाइक से घर वापस लौट रहे थे। अपने गांव से करीब दो किमी दूर थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर टक्कर की आवाज सुन मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसएचओ बीपी पांडेय से घायलों को अपने वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया।यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने अक्षय उर्फ सोनू व विपिन को मृत घोषित कर दिया। सुनील का इलाज जारी है।घटना की जानकारी होते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है की सोनू परिवार का एक मात्र कमाने वाला सदस्य था। रविवार की सुबह थाने पहुंच कर पीड़ित परिवारों ने तहरीर दी। इसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

# लापरवाही के करंट से संविदा बिजली कर्मी की मौत, बिना सुरक्षा उपकरण व शटडाउन लिए चढ़ गया था पोल पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** बिजली विभाग की लापरवाही से शनिवार को एक और बिजली कर्मी की जान चली गई। शक्तिपीठ उपकेंद्र में बिना सुरक्षा उपकरण व शटडाउन लिए पोल पर चढ़ाए गए संविदा कर्मी की करंट से मौत हो गई। वहीं चंद्रिकानगर कालोनी में संविदा लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया। हुकुलगंज व सोनिया में करंट उतरने से दो गाय और एक बंदर की मौत हो गई। कर्मी की मौत के मामले में जेई और एसएसओ को निलंबित कर दिया है जबकि एसडीओ के निलंबन की भी संस्तुति की गई है। हादसों की जांच के लिए चीफ इंजीनियर ने दो सदस्यीय कमेटी बनाई है। उधर, साल की पहली बरसात में शहर के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई।पहली घटना शक्तिपीठ उपकेंद्र से जुड़े फीडर में शनिवार सुबह करीब नौ बजे घटी। हवेलिया चौराहे से केंद्रीय तिब्बती शिक्षा संस्थान मार्ग पर 100 मीटर की दूरी पर दिव्य श्री अपार्टमेंट में लगे अटल नगर फीडर से जुड़े 250 केवीए के ट्रांसफार्मर पर बिना शटडाउन लिए फाल्ट ठीक करने के लिए चढ़े संविदा लाइनमैन शिव प्रकाश पाल (23) झटका खाकर नीचे गिर गए। मौके



पर मौजूद बिजली कर्मी सचिन यादव, रामू पाल, अमित कुमार व विक्की पटेल पहले उसे पंडित दीनदयाल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उसके बाद ईएसआईसी हास्पिटल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना सुबह करीब 11 बजे सिगरा में चंद्रिका नगर कालोनी गेट पर हुई। पूरे सेफ्टी उपकरण के साथ पोल पर फाल्ट ठीक करने के लिए चढ़े कुशल संविदा लाइनमैन ज्ञानेंद्र कुमार उर्फ ज्ञानु करंट लगने से घायल हो गया। चूंकि उसने सेफ्टी बेल्ट से लेकर गम बूट, गल्ब्स आदि पहना था इसलिए वह पोल से नीचे न गिरकर सेफ्टी बेल्ट के सहारे बेहोशी की हालत में लटक गया। मौके पर मौजूद उसके साथी अनिसुर्रहान ने उसे नीचे उतारकर ककरमत्ता स्थित पापुलर हास्पिटल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मामले की जांच को पहुंची टीम ने यह पाया है कि शट डाउन देने में कोताही की गई। चंद्रिका नगर गेट पर सिगरा, जयप्रकाश नगर और बैंक कालोनी फीडर का जंक्शन है लेकिन सिर्फ सिगरा और जयप्रकाश नगर कालोनी का शटडाउन लिया गया। हादसे की वजह बैंक कालोनी फीडर से जुड़ी लाइन है। अर्थ फेज को न्यूटल करने के दौरान तार बांधते वक्त यह हादसा हुआ। उधर, इन दोनों ही हादसों के बाद गुस्साए बिजली कर्मियों ने सिगरा स्थित सर्किल कार्यालय पर शिव प्रकाश पाल का शव रखकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि शक्तिपीठ उपकेंद्र के एसडीओ मनोज गुप्ता को भी निलंबित किया जाए। देर रात सर्किल व उपकेंद्र अधिकारियों ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव का चौबेपुर में दाह संस्कार किया गया। प्रदर्शन के दौरान विद्युत मजदूर पंचायत के मंडल मंत्री अंकुर पांडेय, राजेश सिंह समेत अन्य रहे।चौबेपुर के कौवापुर निवासी शिव प्रकाश पाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी फरवरी महीने में शादी के लिए मंगनी होनी थी। बड़े भाई ओमप्रकाश तरना पावर हाउस पर लाइनमैन हैं। मझले भाई जयप्रकाश मुंबई में गाड़ी चलाते हैं। पिता अर्जुन पाल बिजली विभाग में लाइनमैन पद से रिटायर्ड हैं। शिव के चचेरे भाई रमाशंकर पाल सर्किल द्वितीय में अधिशासी अधिकारी हैं।

# थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त शंशाक मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा नि0 1जे0 गंगाघाट रोड़ थाना शिवकुटी, प्रयागराज को थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत इन्दिरा भवन के पीछे वाली गेट के पास से गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल 1-5 यामहा सम्बन्धित मु0अ0सं0- 20/2023 धारा 379 भादवि बरामद किया गया । अभियुक्त उपरोक्त द्वारा उक्त गाड़ी का नम्बर प्लेट बदलकर गाड़ी चलाया जा रहा था । गिरफ्तारी , बरामदगी व नम्बर प्लेट बदलकर चलाने के कारण अभियोग उपरोक्त में धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही धारा 379/419/467/468/471/411 भा0द0सं0 में नियमानुसार की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण** शंशाक मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा नि0 8/1जे0 गंगाघाट रोड़ थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज उम्र करीब 19 वर्ष ।

# उसरी कांड में 21 साल बाद आया नया मोड़ मुख्तार अंसारी पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** थाना क्षेत्र के उसरी चट्टी के पास मुख्तार अंसारी के काफिले पर हुए हमले के मामले में 21 वर्ष बाद मुख्तार अंसारी सहित पांच के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। एडीजी के आदेश पर हुई कार्रवाई के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 15 जुलाई 2001 को यूसुफपुर फाटक आवास से मऊ जाने दौरान हमलावरों ने उसरी चट्टी पर मुख्तार अंसारी के काफिले पर हमला किया था। उसमें उनके सरकारी गनर सहित तीन लोग मारे गए थे, जबकि नौ लोग घायल हुए थे। थाना क्षेत्र के उसरी चट्टी के पास मुख्तार अंसारी के काफिले पर हुए हमले के मामले में 21 वर्ष बाद मुख्तार अंसारी सहित पांच गए थे, जबकि नौ लोग घायल हुए थे। हमले के दौरान बिहार के बक्सर जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र के सगरांव गांव का मनोज राय भी



के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। एडीजी के आदेश पर हुई कार्रवाई के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 15 जुलाई 2001 को यूसुफपुर फाटक आवास से मऊ जाने दौरान हमलावरों ने उसरी चट्टी पर मुख्तार अंसारी के काफिले पर हमला किया था। उसमें उनके सरकारी गनर सहित तीन लोग मारे मारा गया था। मुख्तार अंसारी ने उस मामले में माफिया बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह आदि को नामजद किया था। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। केस में बाँदा जेल में बंद वादी मुख्तार अंसारी की गवाही होनी है, लेकिन हर तारीख पर कोई न कोई कारण से पुलिस प्रशासन मुख्तार की गवाही नहीं करा पा रहा।

# माघ मेला पुलिस लाइंस में हुई डी ब्रीफिंग,महापर्व सकुशल संपन्न होने पर सभी को बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आज दिनांक 22.01.2023 को महास्नान पर्व पर उमड़े जन सैलाब को कन्ट्रोल करने और मौनी अमावस्या के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव




नारायण मिश्र की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मुख्य स्नान पर्व पर ड्यूटी के दौरान तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी से वार्ता की गई तथा अनुभव साझा किये गये एवं 'प्रतिपुष्टि' का आकलन करते हुए आगामी स्नान पर्व पर उक्त तैयारियों को अच्छे से सुधारा जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा उक्त तैयारियों के संम्बन्ध में वार्ता करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निर्देशित किया गया। महास्नान पर्व मौनी अमावस्या के सकुशल सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व सभी अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण,थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# मजदूरों व्यापारियों के हितों की लड़ाई सदैव लड़ूंगा - दयालु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ओबरा।** भारत ह्यूमन पाइप मिलल्त नगर में काम कर रहे मजदूर ने अपना दल एस युवा मंच प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु को ज्ञापन दिया ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए तहसील दिवस पर 40 मजदूरों के साथ अपना दल एस के सभी पदाधिकारियों सहित ,अपर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन देत हुए मांग किया गया कि आपके संज्ञान में है कि कार्यालय जिलाधिकारी सोनभद्र के पत्रांक 2440/एसटी -एडीएम/2022 दिनांक 22 दिसंबर 2022 का संज्ञान जनहित में लेने की आवश्यकता है जिसमें अपर जिलाधिकारी महोदय ने हमारे दिए हुए पत्र का संज्ञान लेते हुए तत्काल आदेश दिया था कि 4सदस्य कमेटी जो उप जिलाधिकारी ओबरा के नेतृत्व में मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए जनसामान्य से वार्ता कर वास्तविक वस्तु स्थिति का आकलन करते हुए जनहित व राज्य हित में समस्या का विधिवत समाधान करा कर अपने रिपोर्ट 1 सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के लिए अपर जिलाधिकारी महोदय जी ने निर्देशित किया था लेकिन आज 1 महीने बीत जाने के बाद भी और हमारे द्वारा चार पांच बार उप जिलाधिकारी महोदय ओबरा से मिलने के बाद भी केवल यह आश्वासन मिलता रहा कि देखते हैं आजकल लेकिन 1 महीने बीत जाने के बाद आखिर 4 सदस्य कमेटी कब रिपोर्ट लगाएगी मजदूरों ने पुनः हमें इंगित करते हुए पत्र दिया है कि काम तो हम लोगों का जो 1 महीने पूरा काम चलता था आज वह काम 15 दिन चल रहा है 15 दिन का काम मिल रहा है और 15 दिन बैठ की चल रहा है पत्र 2 महीने पहले से उन्होंने पत्र हमें दिया है जिसको हमने पत्र संलग्न करते हुए अधिशासी अधिकारी महोदय और उप जिलाधिकारी महोदय और अपर जिलाधिकारी महोदय को पत्र दिया है मिल्लत नगर में जो बैरियर लगाया गया है नगर पंचायत को बैरियर लगाने से कोई भी फायदा



नहीं है बल्कि वहां मजदूरों का नुकसान है उनके रोजगार पर आफत है आखिर उस दिन का इंतजार क्यों किया जा रहा है जब इन्हें रोजगार के नाम पर केवल 4 से 5 दिन ही काम मिले आज 15 दिन का काम हो चुका है जो काम 1 महीने चलता था मजदूर बेरोजगार हो रहे हैं केवल उस बैरियर लगाने से व्यवसाय ठप हो रहा है बैरियर लगाने से और वहां के लोगों को अगर एंबुलेंस मंगाना हो वहां पर आग लग जाए आग बुझाने की गाड़ी मंगानी हो तो यह गाड़ियां कैसे जाएंगी इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा यह जिम्मेदारी लेने का विषय है कुछ लोगों के कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि सरकार जनता के हितों के लिए बनाई जाती है जिसमें जनता का हित होता है व्यापारियों का हित होता है जहां घटना घटती है बघ्घा नाला से लेकर सुभाष तिराहे तक जहां ओबरा के सैकड़ों लोग तेज रफ्तार के कारण काल के गाल में समा चुके हैं वहां पर नगर पंचायत के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जाती जहां व्यवसाय चलता है वहां पर बैरियर लगाना जनहित से परे है जब जब हमें उप जिलाधिकारी महोदय के द्वारा आश्वासन मिलता रहा तब तब हमने मजदूरों को और वहां के रहवासियों को और फैक्ट्री के ओनर को बताता रहा कि सरकार जनता के साथ खड़ी रहती है और सदैव जनता के साथ खड़ी रहेगी यह बैरियर सरकार के ऊपर प्रश्न चिन्ह है आखिर इसका उद्देश्य क्या है जब वहां के रहने वाले को उस बैरियर से दिक्कत नहीं है मजदूरों का रोजगार छिना जा रहा है किसी फैक्ट्री को प्रभावित किया जा रहा है ण्टारगेट बनाकर , पूरे ओबरा में चर्चा है कि यह बैरियर गलत लगाया गया है जिसके लिए इस पूरे पत्रों पर सबसे पहले संज्ञान लेकर अपर जिलाधिकारी महोदय श्री सहदेव मिश्रा जी ने कमेटी बनाने का कार्य किया है जिसके लिए हम उनका हृदय की गहराई से धन्यवाद देते हैं लेकिन कमेटी बनाने के बाद एक महीना भी जाने के बाद भी अभी तक कमेटी के द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लेना यह जनहित में नहीं है हमारा अनुरोध है कि इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आम आदमी के साथ-साथ मजदूरों के हितों की रक्षा करते हुए व्यापारी वर्ग की रक्षा करते हुए सभी को राहत देते हुए बैरियर हटाने का आदेश जारी करने की कृपा करें इससे सरकार की छवि अच्छी बनी रहेगी इस बैरियर के कारण सरकार की छवि खराब हो रही है क्योंकि सरकारी कोई आदेश नहीं है जिसके कारण यह बैरियर लगाया गया सरकार सदैव रोजगार को बढ़ाने के लिए काम कर रही है और इससे रोजगार को प्रभावित करने का कार्य हो रहा है जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है । अगर इस पत्र से भी विश्वास नहीं हो रहा होगा तो पूरे ओबरा में हस्ताक्षर अभियान चलाकर आप सभी को पत्र दिया जाएगा कि मिल्लत नगर में लगाए गए बैरियर से आम आदमी में रोष व्याप्त है मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच महताब आलम जिला महासचिव राधेश्याम भारती जिला महासचिव शिबू शेख जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच शिवदत्त दुबे, युवा मंच जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव ,जिला महासचिव दिनेश केसरी, इमरान खान, सेक्टर अध्यक्ष पारसनाथ चौधरी, सेक्टर अध्यक्ष विकास कुमार गौड़ ,मोहम्मद इसराइल , इसरारअहमद,रामदेव ,शिलाजीत ,समीर ,राजकुमारी,दयाशंकर ,बाबूलाल ,सुरेश ,राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# रविंद्र सिंह यादव प्रदेश सचिव अपना दल एस व महेश अग्रहरि जिला उपाध्यक्ष जी के नेतृत्व में किया गया विशाल विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** ब्लाक चोपन ओबरा सेक्टर 10 से ओबरा गांव की ओर



प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बन रही सड़क जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा मानक के विपरीत कार्य किया जाने की शिकायत पर अपना दल एस के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी ने कहा की सड़क निर्माण कार्य में जितने भी मैटेरियल प्रयोग किया जा रहा है सब दो नंबर के मटेरियल हैं सड़क की स्थिति ऐसी है कि एक तरफ से बन रही है तो दूसरी तरफ से उखड़ रही है यह सड़क कितने दिन तक टिकेगी इसके जवाबदेही कौन होंगे विभाग के अधिकारी और ठेकेदार के मिलीभगत से घटिया सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ओबरा गांव में बन रही सड़क की जानकारी यहां के प्रधान को भी होगी जिसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि सड़क का काम अच्छा हो। किंतु लगता है कि ग्राम प्रधान लक्ष्मण यादव भी इस ठेकेदार के साथ मिलीभगत में शामिल होकर भ्रष्टाचार कर रहा है आगरा वासियों द्वारा मिली लगातार शिकायत के बाद अपना दल के प्रदेश सचिव एवं जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में तमाम ग्रामीणों के साथ विरोध दर्ज कराया गया एवं जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी का कहना है कि यदि यह काम सही नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही कराने के लिए बाध्य होंगे। अभी ताजा सड़क बनी है बावजूद इसके हाथ से पैर से ही सड़क उखड़ जा रही है यह सड़क कितने वर्षों तक चलेगी इसका अंदाजा ऐसे ही लगाया जा सकता है। जिसको लेकर के स्थानीय जनता में आक्रोश है और विभाग के अधिकारियों के द्वारा सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है जिसको लेकर के रविंद्र सिंह यादव प्रदेश सचिव अपना दल यस व जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी के नेतृत्व में किया गया विशाल विरोध प्रदर्शन प्रदर्शनकारियों में , दिनेश केसरी, चंद्रशेखर साहनी ,प्रहलाद यादव जैसे अन्य लोग उपस्थित थे।

# शफाकत हुसैन अंसारी को मिली नई जिम्मेदारी बनाया गया उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी का सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश महासचिव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के बनने के बाद से ही प्रदेश की राजनीति में बदलाव का असर प्रदेश में दिखाई दे रहा हैं।एक ओर जहां पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी 2024 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। बात उत्तर प्रदेश की करें तो पार्टी काफी समय से सत्ता से दूर हैं ऐसे में उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन पंखुड़ी पाठक ने अपने सोशल मीडिया विभाग में युवा कार्यकर्ताओं को मौका दिया है जिससे कांग्रेस पार्टी अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा सके।काफी समय से कांग्रेस पार्टी को सोशल मीडिया पर मजबूत करने वाले सोनभद्र के शफाकत हुसैन अंसारी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।जब शफाकत हुसैन अंसारी से सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक सोशल मीडिया के जरिए पहुंचाना एक मात्र लक्ष्य है।आज जरूरत है सत्ता के झूठ को बेनकाब करने की जिसे नेशनल मीडिया अपने चैनलों के माध्यम से आपको परोस रही है। जरूरत है देश में व्याप्त नफरत, भय, शोषण, असमानता, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी के खिलाफ एक होकर लड़ने की। आज जरूरत है देश को जोड़ने की जैसे जन नायक राहुल गांधी कर रहे हैं।।



# दहेज न मिलने पर बहू को ससुराल पक्ष के ने पिला दिया जहर जिसकी इलाज के दौरान हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** चमेली देवी पत्नी स्व0 अमर नि0 बरकरा थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ने थाना स्थानीय पर सूचना दी कि विपक्षीगण द्वारा वादिनी की पुत्री सुनीता से दहेज माँग करना व माँग पुरा न होने पर भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए मारना पीटना व वादिनी कि लड़की को जहर पिला देना। जिससे इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र पर मु0अ0सं0-435/2022 धारा 498ए,302,323,504,506 भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 498ए,302,323,504,506 भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट का अपराध होना नही पाया गया। बल्कि धारा 306 भा0द0वि0 का अपराध होना पाया गया। विवेचना के क्रम मे धारा 306 भा0द0वि0 मे संलिप्त वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र महोदय द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त के घर ग्राम मड़रा के पास से उक्त घटना में संलिप्त 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की विवरण निम्नवत् है-

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** 1. जसवन्त पुत्र रामदेव, निवासी मड़रा, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 33 वर्ष **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्र, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 2. आरक्षी रमेश गौंड़, थाना रॉबर्ट्सगंज,जनपद सोनभद्र। 3. आरक्षी आनन्द मिश्रा, थाना रॉबर्ट्सगंज,जनपद सोनभद्र।



# चौकी अमवार पुलिस एव अन्य चौकी पर मयपीएसी की सघन काम्बिक कि गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रुदौली व बेलाछ में, थाना रायपुर पुलिस द्वारा ग्राम दर्मा एवं तेनुआ में, चौकी सुअरसोत द्वारा ग्राम तेनुडाही में तथा चौकी अमवार पुलिस द्वारा क्षेत्र के सुंदरी एवं नाचनटाण ग्राम में मयपीएसी सघन कॉम्बिंग की गयी । काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।



# डीबीए का 25 को होगा स्वागत समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र सत्र 2022-23 की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक डिस्ट्रिक्ट बार



एसोसिएशन सभागार में शनिवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंत्रणा कर 25 जनवरी को स्वागत समारोह मनाए जाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में सर्वप्रथम पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आपस में परिचय हुआ उसके बाद पिछली कार्यकारिणी से आय-व्यय एवं चार्ज लेने पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महामंत्री विमल प्रसाद एडवोकेट ने बताया कि निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत समारोह कार्यक्रम 25 जनवरी 2023 को होना सुनिश्चित हुआ है। नई प्रबंध समिति सत्र 2022-23 का सकुशल एवम् पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी एड हीरालाल पटेल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी एड पवन कुमार सिंह को धन्यवाद दिया। आगे स्वागत समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जगजीवन सिंह, पूर्व महामंत्री रामजियावन सिंह यादव, अतूल प्रताप पटेल, विश्राम सिंह, दयाराम यादव,चंद्रप्रकाश सिंह, अनिल कुमार सिंह, लवकुश कुमार केसरी, मनोज जायसवाल, नवीन पांडेय, फुल सिंह, अभिषेक सिंह, अनवर राइन, संतोष कुमार, मनीष रंजन, महेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढाई से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा रविवार की सुबह आठ बजकर पचपन मिनट पर चोपन थाना एवं डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन पर गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे लालमनी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र विपत भुइया निवासी डाला चढ़ाई को एसटी नं0 282/12 धारा 3( 1 ) गैंगेस्टर एक्ट, थाना चोपन, मा0 न्या0 अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश / एफटीसी जनपद सोनभद्र के तहत गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। इस दौरान टीम में लक्ष्मण पर्वत, चौकी इंचार्ज डाला अरविन्द कुमार गुप्ता, का0 आनन्द कुमार गोंड़ ,हे0का0 अमित तिवारी शामिल रहे



# श्री राम कथा में भरत चरित्र की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** चतरा ब्लॉक के सेहुआ गांव में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा के आयोजन में यज्ञ संचालन कर्ता आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने बताया कि श्री धाम अयोध्या से पधारी सुप्रसिद्ध



कथा वाचिका देवी विष्णु प्रिया शास्त्री ने भरत चरित्र का सुंदर वर्णन किया जिसे सुनकर कथा पंडाल में भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर भोर हो गए। ? कथा वाचिका ने कहा कि विश्व भरण पोषण कर जोई ताकर नाम भरत जस् होई।। अर्थात जो विश्व का भरण पोषण करता है उसका नाम भरत है हर मनुष्य को चाहिए कि अपने बड़े भाई का सम्मान करें और भरत जैसा आचरण अपने जीवन में उतारे जो ऐसा करता है उसके घर में सभी राम जी के परिवार की तरह सभी भाइयों में प्रेम बना रहता है। कथा वाचिका देवी विष्णु प्रिया ने आगे कहा कि रामायण में भरत ही एक ऐसा पात्र है, जिसमें स्वार्थ व परमार्थ दोनों को समान दर्जा दिया गया। इसलिए भरत का चरित्र अनुकरणीय है। भरत चरित्र का प्रत्येक प्रसंग धर्म सार है क्योंकि भरत का सिद्धांत लक्ष्य की प्राप्ति व राम के प्रेम को दर्शाता है। वही इस अवसर पर कथा में पधारे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत चौबे एवं देवेश मिश्रा को इं0 अखिलेश चतुर्वेदी, श्रवण कुमार पांडे, जितेंद्र त्रिपाठी, एवं आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बरेला महादेव का तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिलीप चौबे, वरुण तिवारी, पाठक, सौरभ तिवारी, अविनाश शुक्ला, पप्पू पांडे, हृदयनाथ, बेबी, अरुणा मिश्रा सहित भारी संख्या में श्री राम भक्त उपस्थित रहे।

# जुगैल मे तीन दिवसी ग्रामीण वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** रेणुकानदी पार आदिवासी क्षेत्र ग्राम पंचायत जुगैल खांस मे कई वर्षो भाति इस वर्ष भी तीन दिवसी ग्रामीण वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन इस कार्यक्रम का शुभारभ्य माननीय मुख्य अतिथी ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी द्वारा फीता काट कर खेल को प्रारम्भ कराया गया और लीला देवी ने सभी खेलाडीयो से मिलकर उन खेलाडीयो का उत्साह बढाया। पहले पारी मे जुगैल व जयकडवा ने इस खेल को खेला, ग्रामीण वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम प्रधान सुनीता यादव व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव द्वारा किया जा रहा है इस खेल को आदिवासी लोगो का बहुत ही प्रिय खेल है इस बॉलीबाल खेल को हर वर्ष ग्राम मे खेलाया जाता है इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनीता यादव,उपाध्यक्ष मुक्तार अली,रामसनेही खरवार,सचिव कालीचरण,कोषाध्यक्ष विनोद तिवारी,महामंत्री रामजीयावन सिंह,प्रबंधक बालमुकुन्द सिंह,सादस्य विजयबहादुर,रामअधीन प्रजापति,प्रदिप कुमार,मुकेश कुमार,जयमंगल,रविशंकर यादव,जगदिश सिंह,दिनेश यादव,अब्बास अंसारी,सुरेन्द्र कुमार पनिका,दीनानाथ खरवार,रामप्रसाद खरवार,अशोक कुमार सिंह,राजेन्द्र प्रजापति,गंगासागर शर्मा,जितेन्द्र यादव,रामनिहोर भारती,गुडडू अली,एव हजारो ग्राम वासियों मौजूद होकर वॉलीबाल प्रतियोगिता का लुप्त उठाते हुए दिखे।

# मित्र सेवा फाउंडेशन का धूमधाम से मनाया गया वर्षगांठ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** मित्र सेवा फाउंडेशन की दूसरी वर्षगांठ मित्रसेवा कार्यालय




बंजरिया ( चतरा) एव घोरावल में मनाया गया ।आप को बता दे की मित्रसेवा फाउंडेशन का गठन शनिवार को हुआ था। मित्रसेवा फाउंडेशन के एमडी प्रेम सिंह आज़ाद ने गठन किया था। वही शनिवार को दो वर्ष पूरे होने पर पूरे जिले में बहुत ही धूम धाम से स्थापना दिवस मित्रसेवक मना रहे है। स्थापना दिवस पर कार्यालय पर उपस्थित मित्रसेवा से सीनियर मैनेजर अभय त्रिपाठी ने बताया कि दो वर्षो में मित्रसेवा के द्वारा पूरे भारत में लगभग 20 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया और 2025 तक मित्रसेवा पूरे भारत में पांच लाख बेरोजगारों को रोजगार देंगे का मुहैया कराने का संकल्प लिया है । इसी क्रम में मित्रसेवा महिला शक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है जिसमें शिक्षित , अशिक्षित सभी वर्ग की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की विशेष मुहिम चलाई जा रही है इस दौरान अभय ने बताया कि मित्रसेवा बंजरिया ब्रांच के माध्यम से ग्रामवासी,बैंकिंग की सारी सुविधाएं ले सकते है जैसे, गोल्ड लोन,होम लोन, प्रापर्टी लोन, डेली डिपॉजिट, आरडी, एफडी, ट्रैक्टर लोन,बिजनेस लोन, इत्यादि सेवाओ का लाभ ले सकता है एव वहां से जुड़कर अपने ही गाँव क्षेत्र में रोजगार एव स्वरोजगार शुरू कर सकते है । इस दौरान वहा पर उपस्थित मित्रसेवा एरिया इंचार्ज भोलेनाथ गुप्ता, एग्जीक्यूटिव राकेश केशरी , एरिया इंचार्ज विकास त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, फील्ड एग्जेक्युटिव सूरज मिश्रा, शिवप्रकाश सिंह ( समाज सेवी), राजेश गुप्ता(ग्राम प्रधान) ई- जितेंद्र, सत्यप्रकाश ,सुनील चंद्र,दीपक मौर्य,अनूप विश्वकर्मा, अनिल,श्याम बाबू,संदीप मौर्या आदि ग्रामवासी एव क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# होलकर में कभी नहीं हारी इंडिया आज इंदौर पहुंचेंगी दोनों टीमें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंदौर।** विश्व क्रिकेट में धूम मचाने वाले क्रिकेटर आज मालवा की माटी पर उतरेंगे। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें रविवार दोपहर इंदौर पहुंचेंगी। शहर में 24 जनवरी को दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम सीरीज पर पहले ही कब्जा कर चुकी है। इंदौर में करीब 6 साल बाद वनडे मैच होने वाला है। भारतीय टीम कभी भी होलकर स्टेडियम में वनडे मैच नहीं हारी है, वहीं न्यूजीलैंड को इंदौर में कभी भी जीत नसीब नहीं हुई है। एमपीसीए सचिव संजीव राव के अनुसार, दोनों टीमें दोपहर 1.40 बजे विमान से इंदौर आएंगी। फिलहाल रविवार को टीम के अभ्यास की कोई आधिकारिक योजना नहीं है। मैदान के सेंटर विकेट को मैच के लिए तैयार किया गया है। साथ ही प्रेस बाक्स छोर पर अभ्यास विकेट बनाए गए हैं। मैच के दौरान ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स का प्रचार भी किया जाएगा। इसके लिए खेलो इंडिया के होर्डिंग विभिन्न स्थानों पर लगाने की तैयारी है। रजत पाटीदार कर सकते हैं डेब्यू भारतीय टीम में इंदौर के रजत पाटीदार भी शामिल हैं। उन्हें सीरीज में अब तक अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला, लेकिन अब भारत सीरीज जीत चुका है। ऐसे में टीम प्रबंधन वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दे सकता है, जिससे प्रशंसकों को कुछ निराशा हो सकती है। हालांकि, ऐसे में अपने गृहनगर में रजत पाटीदार को खेलने का मौका मिल सकता है।



# क्या सूर्या-अर्शदीप की चमकेगी किस्मत अगले चार दिन में होगा आईसीसी के 18 अवॉर्ड्स का ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को आईसीसी अवॉर्ड्स 2022 के विजेताओं की घोषणा करने के कार्यक्रम का अनावरण किया, जो सोमवार, 23 जनवरी से शुरू हो रहा ह पिछले महीने 13 व्यक्तिगत पुरस्कारों की घोषणा के बाद, आईसीसी वोटिंग अकादमी और सैकड़ों वैश्विक क्रिकेट प्रशंसकों ने एक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों की पहचान करने के लिए अपने वोट दिए, जिसमें आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी शामिल है।व्यक्तिगत पुरस्कार-विजेताओं की घोषणा से पहले, आईसीसी मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी और आईसीसी महिला क्रिकेटर 'ऑफ द ईयर' के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी सहित, आईसीसी वर्ष की पांच टीमों को निर्धारित करेगा बता दें कि सोमवार को आईसीसी पुरुष और महिला टी20 टीमों की घोषणा की जाएगी। अगले दिन 24 जनवरी को आईसीसी पुरुष और महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर और आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर को नामित किया जाएगा इसके बाद 25 जनवरी से 13 व्यक्तिगत पुरस्कार श्रेणियों पर ध्यान दिया जाएगा, जब आईसीसी पुरुषों और महिलाओं दोनों में एसोसिएट, टी20 और इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर श्रेणियों के विजेताओं की पुष्टि करेगी।इसके साथ ही बता दें कि 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के दिन आईसीसी द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर को मान्यता दी जाएगी। इसके बाद पुरुष और महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार और पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिए जाएंगे। उस दिन बाद में, आईसीसी वर्ष की महिला क्रिकेटर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के विजेता का नाम घोषित करेगा, जिसके बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी दी जाएगी।



# ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड नहीं बल्कि इस देश में हो सकता है पाक और इंडिया के बीच मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट फैंस को बस इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है कि कब भारत-पाक सामने हो और कब एक हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिले। सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है, बाजार बंद हो जाते है, भला हो भी क्यों न भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबले का क्रेज ही कुछ ऐसा रहता है। बता दें कि दोनों देशों के बीच सीमा के तनाव के चलते लंबे समय से कोई भी क्रिकेट सीरीज नहीं हुई है। दोनों ही टीमें आईसीसी के टूर्नामेंट्स और एशिया कप के दौरान एक दूसरे का आमना-सामना करती हैं। ऐसे में इन दोनों टीमों के बीच साल 2024 टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा ह कि अगले साल टी-20 विश्व कप में भारत-पाक का मैच अमेरिका में खेला जाएगा।दरअसल, साल 2024 टी-20 वर्ल्ड कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान टीमों के बीच हाई वोल्टेज मैच देखने को मिलेंगे। हाल ही में अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अतुल राय ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच हमेशा से हाई वोल्टेज अमेरिका में 2024 वैश्विक टूर्नामेंट इस तरह का पहला टूर्नामेंट होगा, जबकि कैरेबियाई देशों में पहले भी 50 ओवर (2007) और एक टी20 वर्ल्ड कप आयोजित किया जा चुका है। बता दें कि एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान टीमें एक दूसरे का आमना-सामना करती हुई नजर आएगी। ये टूर्नामेंट सितंबर साल 2023 में खेला जाएगा, जिसमें 6 टीमें हिस्सा लेगी। इन टीमों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और एक क्वॉलीफायर टीम को मौका मिलेगा।



# हॉकी हो या क्रिकेट, भारत के खिताबी सफर के बीच 'काला जादू' साबित हुआ न्यूजीलैंड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। बता दें कि कलिंगा स्टेडियम में खेला गया ये मैच 3-3 से बराबरी पर रहा था, जिसके बाद भारत पेनल्टी शूटआउट में 4-5 से हारकर बाहर हो गया है। इसके साथ ही भारत का लगातार दूसरी बार अपने घर में ट्रॉफी जीतने का सपना टूट गया। प्रमुख टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड भारत के लिए बुरे सपने की तरह बन गया है। हॉकी हो या क्रिकेट, न्यूजीलैंड ने भारत को खिताबी जीत से वंचित किया है। चलिए आपको बताते हैं कि न्यूजीलैंड किस तरह भारत का खिताबी सपना तोड़ने में माहिर बना। कई घटनाएं इसका सबूत हैं। दरअसल, क्रिकेट की बात करें तो न्यूजीलैंड ने कई मौकों पर भारत की पीठ पर छूरा भोंका है। सबसे पहले 2019 विश्व कप का वो दृश्य याद आता है, जब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों मिली शिकस्त के बाद भारतीय खिलाड़ियों और फैंस के चेहरे पर मायूसी छाई हुई थी।



# विराट कोहली ने सालों पहले ही कर दिया था रोहीत शर्मा की भूलने की आदत का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे वनडे मैच में 8 विकेट से मात दी और सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। इस मैच से पहले कप्तान रोहित शर्मा को लेकर एक वाक्या तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रोहित टॉस जीतने के बाद भूल जाते है कि उन्हें बल्लेबाजी चुननी है या गेंदबाजी। इसके कुछ देर बाद रोहित को याद आता है और वह गेंदबाजी चुनते है। बता दें कि रोहित की चीजें भूलने की आदत काफी पुरानी है, जिसको लेकर अब सोशल मीडिया पर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक वीडियो वायरल होने लगा है। दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा टॉस के दौरान काफी कन्फ्यूज नजर आए। बता दें कि रोहित ने टॉस जीत लिया था, जिसके बाद रवि शास्त्री ने उनसे पूछा कि आप बल्लेबाजी चुनेंगे या गेंदबाजी, तो इसका जवाब देते हुए रोहित शर्मा सोचने लगे कि क्या बोलें। इसके कुछ सेकेंड के बाद उन्हें याद आया और उन्होंने गेंदबाजी चुनने का फैसला किया। लेकिन रोहित के इस अहम फैसले को भूलने के बाद सोशल मीडिया पर उनका काफी मजाक भी बनाया गया इसी बीच अब रोहित की इस भूलने वाली आदत को लेकर सोशल मीडिया पर विराट कोहली का काफी पुराना इंटरव्यू तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने रोहित की भूलने की आदत का जिक्र किया था।



# भारत से वनडे सीरीज हारने का न्यूजीलैंड को हुआ तगड़ा नुकसान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड को शनिवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत के हाथों दूसरे वनडे में 8 विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार का न्यूजीलैंड को तगड़ा नुकसान हुआ और वो आईसीसी वनडे रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवा चुकी है। इंग्लैंड की टीम अब नंबर-1 बन गई है। न्यूजीलैंड की टीम दूसरे वनडे से पहले शीर्ष स्थान पर काबिज थी। उसके 115 अंक थे। इंग्लैंड की टीम 113 अंकों के साथ दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया 112 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थी। भारतीय टीम 111 अंक के साथ चौथे स्थान पर थी। भारत की दूसरे वनडे में जीत के बाद समीकरण में गजब का बदलाव हुआ। न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर खिसका जबकि भारत एक स्थान के फायदे के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।बता दें कि भारतीय टीम ने शनिवार को न्यूजीलैंड को दूसरे वनडे में 179 गेंदें शेष रहते हुए 8 विकेट से हरा दिया। यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 34.3 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हुई। जवाब में भारतीय टीम ने 20.1 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। भारतीय टीम ने इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई। सीरीज का तीसरा व अंतिम वनडे मैच मंगलवार को इंदौर में खेला जाएगा।भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा, 'मेरे ख्याल से पिछले पांच मैचों में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। आप उनसे जो कुछ भी मांगे, वो प्रदर्शन करके देते हैं। विशेषकर भारत में ऐसा करके दिया। आप इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद भारत के बाहर कर सकते हैं, लेकिन इनमें असली शैली है।



# दूसरे वनडे में मिली जीत के बाद 'निंजा' अवतार में नजर आए कोच राहुल द्रविड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में टीम इंडिया को 8 विकेट से बड़ी जीत मिली। इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज पर 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। बता दें कि दूसरे मैच में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन लाजवाब रहा, मोहम्मद शमी ने 3, तो हार्दिक पांड्या और वॉशिंगटन सुंदर ने 2 सफलता अपने नाम की। इस मैच के बाद कोच राहुल द्रविड़ का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें द्रविड़ मैच जीतने के बाद मैदान पर कुछ अलग अंदाज में इशारा देते हुए नजर आए।दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रायपुर में खेला गया। इस मैच में भारत को 8 विकेट से जीत मिली। जीत के बाद कोच राहुल द्रविड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें द्रविड़ मैदान पर चलते हुए नजर आ रहे है। इस दौरान कैमरामैन ने उन्हें स्पॉट किया और राहुल जीत की खुशी में हाथों से कुछ अजीब इशारा करते नजर आए। इस इशारे को कुछ लोग निंजा खिलाड़ी या मार्शल आर्ट्स के तरह बता रहे है। लेकिन किसी को यह नहीं पता चल पाया कि राहुल क्या करना चाहते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले को भारत ने 8 विकेट से जीत लिया। इस जीतके साथ भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड के 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 20.1 ओवर में 2 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने दमदार फिफ्टी जड़ा और शुभमन गिल ने 53 गेंदों पर 40 रनों की पारी खेली। इसके अलावा मोहम्मद शमी ने 3 विकेट, हार्दिक और वॉशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट चटकाए।



# रोहित शर्मा से मिलने के लिए बीच मैदान दौड़कर आया नन्हा फैन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फैन फॉलोइंग दुनियाभर में है, जो किसी से छिपा नहीं है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर रोहित की फैन फॉलोइंग का नजारा एक बार फिर देखने को मिला। एक फैन ने सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में दौड़ लगाई और अपने चहेते क्रिकेटर (रोहित शर्मा) को गले लगाया। रोहित शर्मा से जब यह नन्हा फैन आकर गले लगा तो कप्तान गिरते-गिरते भी बचे। इस फैन को रोहित शर्मा से गले लगते देख सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा, लेकिन फिर भारतीय कप्तान ने जो रिएक्शन दिया, उसने फैंस का दिल जीत लिया है। रोहित शर्मा ने सुरक्षा कर्मियों से गुजारिश की थी कि बच्चे को कोई हानी नहीं पहुंचाएं। रोहित शर्मा का यह बर्ताव फैंस को बहुत पसंद आया। इस तरह नन्हें फैन का दिन भी बन गया कि वो अपने पसंदीदा क्रिकेटर से मिलकर उनके गले लग पाया। रोहित शर्मा से फैन के मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बहरहाल, मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (51) के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड द्वारा मिले 109 रन के लक्ष्य को 20.1 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल किया।



# बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे सूर्यकुमार यादव समेत ये खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का अंतिम मैच इंदौर में खेला जाएगा। 24 जनवरी को होने वाले इस मैच के लिए टीम इंडिया नेट्स पर जमकर प्रेक्टिस भी करती नजर आ रही है। बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में सूर्यकुमार यादव भी टीम इंडिया का हिस्सा है। इसी कड़ी में मैच से एक दिन पहले यानी 23 जनवरी की सुबह भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित बॉलर कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर पहुंचे।भगवान महाकाल मंदिर गर्भगृह में भस्म आरती दर्शन के बाद तीनों ने महाकाल का जल अभिषेक किया। वहां मौजूद पंडितों ने हर हर महादेव का जयकारा भी लगाया। भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने के लिए गर्भगृह में तीनों खिलाड़ियों ने धोती सोला पहना हुआ था। बता दें कि महाकाल के दर्शन के साथ ही यहां हर दिन भस्म आरती होती है। इस आरती की खासियत यह है कि इसमें ताजा मुर्दो की भस्म से महाकाल का श्रृंगार किया जाता है। सूर्यकुमार यादव सहित कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर तीनों ने सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होने के बाद भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। भस्म आरती के बाद सूर्य कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि महाकाल दर्शन कर बहुत अच्छा लगा। हमने ऋषभ पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।



# उमेश यादव के साथ दोस्त ने की धोखाधड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारतीय टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव के साथ 44 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक यादव से उनके पूर्व मैनेजर व दोस्त ने नागपुर में जमीन दिलाने के नाम पर ठगी की है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उमेश यादव की शिकायत के बाद पुलिस ने नागपुर में रहने वाले शैलेश ठाकरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है शैलेश ठाकरे कोराडी के रहने वाले हैं और वो उमेश के दोस्त थे। शैलेश की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारी ने एफआईआर के हवाले से जानकारी दी कि उमेश यादव ने भारतीय टीम में चुने जाने के बाद अपने बेरोजगार दोस्त शैलेश ठाकुर को 15 जुलाई 2015 को मैनेजर बनाया था। ठाकरे ने समय के साथ उमेश का विश्वास जीता। तेज गेंदबाज के बैंक खाते और आयकर सहित पैसों से जुड़े काम शैलेश ने देखना शुरू कर दिए।





# राशिफल



**मेष-**:अपने मित्र के साथ हुई गलतफहमी को शीघ्र सुलझाएं। अधिक विवाद से आप दोनों के संबंधों को हानि होगी। प्रमोशन होगा और सैलेरी भी बढ़ सकती है।

**वृष-**:व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

**मिथुन-**:आज आपका दिन शानदार रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप थोड़ी-सी मेहनत करके अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क-**:कर्क राशि वाले आज एक नई शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक रूतबा मिल सकता है। घर-परिवार या पड़ोस में कोई कठिन परिस्थिति बने तो सकारात्मक रहें।

**सिंह-**:आपके लिए आज का दिन काफी अनुकूल रहने की संभावना दिखाई दे रही है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा।

**कन्या-**:आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**तुला-**: आज आपकी योग्यता में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और जोखिम भरे कामों से दूर रहें। ऐसा कोई गैरज़िम्मेदाराना काम न करें जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े।

**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-**:यदि आप मानसिक रूप से तनाव को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो आपको परेशानियां होंगी, अन्यथा स्थिति बढ़िया भी हो सकती है।

**मकर-**: करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की अनुभूति होगी। किसी जरूरी काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ-**:आज आप अपनी नयी सोच से अपने कार्यक्षेत्र में बहुत ही उन्नति हासिल करेंगे। आज आपका नए लोगों से संपर्क होगा और नए लोगों से मित्रता होगी।

**मीन-**:आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा और आने वाला दिन भी आज पर निर्भर करेगा, क्योंकि आज आपको कुछ ऐसे काम निपटाने हैं जो कि लंबे समय से अटके हुए हैं।






## सम्पादकीय

# प्रगति को नए पंख लगाएंगे जलमार्ग, आम आदमी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए होंगे लाभदायक

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज-एमवी गंगा विलास के साथ कई अन्य अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में नदी जलमार्ग की क्षमता का लाभ लेने के नए दौर का सूत्रपात हो रहा है। वस्तुतः देश में लंबे समय से जल परिवहन में शामिल अंतर्देशीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिन जलमार्गों को देश का प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जलमार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे, लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सड़क, रेल और वायुमार्गों की होड़ में परंपरागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए। ज्ञातव्य है कि देश में 7,500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14,500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है। गौरतलब है कि देश नदी जलमार्गों की प्राचीन शक्ति का उपयोग करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्ययोजना लाई गई है। 2014 में देश में केवल पांच राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं। परिणामस्वरूप नदी जलमार्ग के माध्यम से कार्गो परिवहन में पिछले आठ साल में तीन गुना वृद्धि हुई है। पहले यह आंकड़ा 30 लाख मीट्रिक टन था। जलमार्ग पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अच्छे हैं और पैसे की भी बचत करते हैं। जलमार्गों के संचालन की लागत सड़क मार्गों की तुलना में ढाई गुना कम है और रेलवे की तुलना में एक तिहाई कम है। यही कारण है कि चीन और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने जैसे-जैसे विकास की ओर कदम बढ़ाए वैसे-वैसे वे अपने जलमार्गों का अधिक उपयोग करने लगे। कई यूरोपीय देश अपने कुल माल और यात्री परिवहन के लिए जल परिवहन का बहुतायत में उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं यूरोप के कई देश आपस में इसी साधन से बहुत मजबूती से जुड़े हुए हैं। उन्होंने जलमार्गों को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बना लिया है।यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत की नई लाजिस्टिक नीति और गतिशक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है। इनके तहत जल परिवहन के विकास से लाजिस्टिक लागत के बोझ को घटाया जा सकता है। इसी तरह से मैरीटाइम इंडिया मिशन देश के बंदरगाहों के विकास और लाजिस्टिक लागत घटाकर समुद्री अर्थव्यवस्था से देश को लाभान्वित करने से संबंधित है। इसके तहत बंदरगाहों के विकास के साथ ही जलमार्गों का विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। भारत सागरमाला परियोजना के तहत 574 से अधिक बंदरगाहों के विकास पर वर्ष 2035 तक 82 अरब डालर का निवेश करेगा। इससे समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी और जलमार्गों का विकास किया जाएगा। भारत में जलमार्गों की निरंतर विकास प्रक्रिया एक विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत कनेक्टिविटी तथा देश के व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए जरूरी है। भारत में हजारों किलोमीटर के जलमार्ग नेटवर्क को विकसित करने की क्षमता है। ऐसे में अब और राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास कर देश की आर्थिक-सामाजिक तस्वीर को संवारने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने होंगे। भारत में जो 125 से ज्यादा नदियां और नदी धाराएं हैं, वे लोगों और सामान के परिवहन में इस्तेमाल की जा सकती हैं। ये भारत में जलमार्ग और बंदरगाहों के साथ-साथ उनके आसपास के क्षेत्रों के विकास में मदद कर सकती हैं। जाहिर है अब जल परिवहन का बुनियादी ढांचा तैयार करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संसाधन जुटाने के लिए पीएम गतिशक्ति योजना और नई लाजिस्टिक नीति के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा।

# आत्मविश्वास से भरी भाजपा बिखराव के साथ दिशाहीनता से भी ग्रस्त दिखता विपक्ष

दिल्ली में संपन्न अपनी दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने भावी चुनौतियों और विशेष रूप से आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जैसा आत्मविश्वास दिखाया, उससे यही पता चला कि वह विपक्ष को मात देने के लिए कमर करना चाहती है, लेकिन कई विपक्षी नेता उसका साथ लेने को तैयार नहीं। इनमें से एक भारतीय राष्ट्र समिति के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और वामदलों को साथ लेकर एक रैली की। इसमें



कसे हुए हैं। जहां भाजपा अपनी आगामी रणनीति को लेकर स्पष्ट और अपने लक्ष्य को लेकर केंद्रित है, वहीं विपक्ष बिखराव के साथ दिशाहीनता से भी ग्रस्त दिखता है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने को है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वह इस यात्रा से संदेश क्या देना चाहती है, क्योंकि उसके नेता और विशेष रूप से राहुल गांधी एक साथ विभिन्न मुद्दों पर बोल रहे हैं। मुश्किल यह है कि वह कोई नया विचार या एजेंडा पेश नहीं कर पा रहे हैं। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने शायद ही ऐसी कोई बात कही हो, जो वह पहले न कह चुके हों। कांग्रेस विपक्षी दलों को अपने नेतृत्व में एकजुट उन्होंने उन अनेक दलों को नहीं बुलाया, जो कांग्रेस के साथ मिलकर विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहते हैं। माना जा रहा है कि केसीआर ने इसी कारण बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नहीं बुलाया। ध्यान रहे कि नीतीश कुमार कांग्रेस को साथ लेकर विपक्ष को एकजुट करने की बातें कर रहे हैं। केसीआर के अलावा ममता बनर्जी भी बिना कांग्रेस अपने तरीके से विपक्ष को एकजुट करना चाह रही हैं। इस वर्ष नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में चुनावों की घोषणा हो भी गई है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतने की घोषणा की है।

# पुलिस परेड ग्राउंड सतना में गणतंत्र दिवस पर राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल करेंगे ध्वजारोहण

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल पुलिस परेड ग्रांउड सतना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह



में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। मुख्य अतिथि श्री पटेल समारोह में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत भी करेंगे।हर्षोल्लास और गरिमामय रुप से मनायें सतना गौरव दिवस कलेक्टर ने ली आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं की बैठक सतना 20 जनवरी 2023/ सतना शहर का गौरव दिवस 25 जनवरी को पूरे उत्साहपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास और गरिमामय रूप से मनाया जाएगा। सतना गौरव दिवस के रंगारंग कार्यक्रम 22 जनवरी की प्रातः 7 बजे से शुरू हो जाएंगे और 25 जनवरी तक लगातार चलते रहेंगे। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शुक्रवार को बीटीआई ग्राउंड पहुंचकर गौरव दिवस मनाने की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया।कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर निगम सहित सतना मुख्यालय के विभाग प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर सतना के गौरव दिवस को हर्षोल्लास और गरिमामय रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सतना नगर के गौरव दिवस कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सतना गौरव दिवस का कार्यक्रम सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह सतना शहर में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के गौरव का कार्यक्रम है। शहर में रहने वाले प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी और शहर का प्रत्येक नागरिक स्वप्रेरणा से अपने शहर के गौरव दिवस के कार्यक्रमों से जुड़े और सहभागिता निभाये। आयुक्त नगर निगम राजेश शाही ने सतना गौरव दिवस के 22 जनवरी से 25 जनवरी तक होने वाले विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी। महापौर योगेश ताम्रकार भी इस मौके पर उपस्थित थे।सतना गौरव दिवस उत्सव 22 जनवरी को स्वच्छता के संदेश के साथ प्लाग रन से प्रातः 7 बजे शुभारंभ होगा। इसके तहत सभी नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएं, व्यापारिक प्रतिष्ठान, नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी, कर्मचारी नगर पालिक निगम कार्यालय से स्टेशन रोड होते हुए दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम में समाप्त होने वाली प्लाग रन संदेश यात्रा में शामिल रहेंगे। इसी दिन 22 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, रस्साकशी, बलून दौड़, शटल दौड़, रिले दौड़, कुर्सी दौड़ की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक बीटीआई ग्राउंड में शहर की महिलाओं द्वारा प्रसिद्ध बघेली व्यंजन एवं अन्य तरह के व्यंजनों पर आधारित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जाएगा। इस दिन के सायंकालीन कार्यक्रमों में कार्यक्रम स्थल बीटीआई ग्राउंड में शाम 7 बजे से 10 बजे तक स्थानीय कलाकारों, शैक्षणिक संस्थानों, संगीत संस्थाओं के कलाकारों द्वारा आर्केस्ट्रा के साथ गीत-संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। सतना गौरव दिवस के कार्यक्रमों में दूसरे दिन 23 जनवरी को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक मीडिया और प्रशासन के बीच धवारी स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेला जायेगा। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अमृत पार्क में स्कूली छात्राओं के पेंटिंग, रंगोली एवं पतंगबाजी की प्रतियोगिता होगी। सायंकालीन कार्यक्रम में कार्यक्रम स्थल बीटीआई ग्रांउड में सायं 7 बजे से प्रसिद्ध लेखक मनोज मुंतशिर एवं कॉमेडियन रावेंद्र जॉनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सतना नगर के गौरव दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीसरे दिन 24 जनवरी को कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे से धवारी स्टेडियम में आयोजित नगर निगम जनप्रतिनिधि बनाम निगम प्रशासन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच होगी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक टाउन हाल सतना में सतना पर आधारित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, सामाजिक एवं सृजनात्मकता पर सोशल मीडिया का प्रभाव पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, युवाओं की दृष्टि में 'भविष्य का सतना' पर संवाद तथा शहर के सबसे स्वच्छ शैक्षणिक संस्थान, सबसे स्वच्छ व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सबसे स्वच्छ-सुंदर टैरिस गॉर्डेन, सबसे स्वच्छ शासकीय कार्यालय, सबसे स्वच्छ खाली प्लॉट विषय पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। जबकि सायंकालीन कवि सम्मेलन कार्यक्रम शाम 7 बजे बीटीआई ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसमें पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, पद्मश्री डॉ सुनील जोगी, दिनेश बावरा, पद्मिनी शर्मा, अशोक चारण, रोहित शर्मा, शशिकांत यादव एवं अपूर्वा चतुर्वेदी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सतना गौरव महोत्सव अंतर्गत 25 जनवरी को बीटीआई ग्राउंड में गौरव दिवस के मुख्य अतिथि की उपस्थिति में कार्यक्रम एवं समरसता भोज आयोजित होगा। कार्यक्रम में सतना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सतना शहर का नाम रोशन करने वाले स्थानीय विभूतियों, सतना शहर को बेहतर बनाने का संकल्प लेने वाले व्यक्तियों, संगठनों को सम्मानित किया जायेगा। गौरव दिवस पर शहर के प्रमुख स्थानों एवं शासकीय भवनों की साज-सज्जा की जायेगी तथा नगर के घरों एवं प्रतिष्ठानों में नागरिकों द्वारा दीप जलाया जायेगा। सायंकालीन कार्यक्रम की श्रृंखला में फिल्मी जगत के सुप्रसिद्ध गायक सुदेश भोसले अपने साथी कलाकारों के साथ सायं 7 बजे से बीटीआई ग्राउंड में प्रस्तुति देंगे।राष्ट्रभक्ति के साथ उत्सवी माहौल में मनेगा गणतंत्र दिवस सतना 20 जनवरी 2023/जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन 26 जनवरी को जनोत्सव के रुप में किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समारोह में जिले के नागरिक बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे, ताकि संपूर्ण जिले में राष्ट्रभक्ति के साथ उत्सवी वातावरण का निर्माण हो सके। गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की पर्याप्त और गरिमामय व्यवस्था की जायेगी। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस को जनोत्सव के रुप में मनाने की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 27 जनवरी को सतना 20 जनवरी 2023/मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यातिथ्य में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस 27 जनवरी को नीमच में होगा। प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री हरदा, अशोकनगर, कटनी एवं निवाड़ी जिले हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम के प्रसारण को अधिक से अधिक लोग देख सके, इसके लिये वेबकास्ट के साथ विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक चैनल पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। सचिव एमएसएमई श्री पी. नरहरि ने बताया कि राज्य-स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के प्रसारण को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी दिखाने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी। जिला मुख्यालयों में होने वाले रोजगार दिवस कार्यक्रम में विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले में लाभान्वित हुये हितग्राहियों को आमंत्रित कर स्वीकृति-पत्र जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगे। जिलों में होने वाले आयोजन की रूपरेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित की जायेगी। संबंधित विभागों और बैंकों की भागीदारी के साथ जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। सचिव एमएसएमई श्री नरहरि ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए हैं कि विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं में बैंकों में लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करवा कर अधिक से अधिक प्रकरणों में स्वीकृति/वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए। भूतपूर्व सैनिकों से नशामुक्त भारत अभियान में जुड़ने का आह्वान सतना 20 जनवरी 2023/रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा पुनर्वास के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान में स्वेच्छा से जुड़ने के लिये भूतपूर्व सैनिकों से आव्हान किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के भूतपूर्व सैनिकों को सूचित किया है कि जो भी भूतपूर्व सैनिक नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होना चाहते हैं, अपना विवरण जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जवाहर नगर सतना में दर्ज करवा सकते हैं। आरटीई के मानकों को पूरा करने वाली अशासकीय स्कूलों को दी जायेगी मान्यता सतना 20 जनवरी 2023/जिला परियोजना समन्यवयक जिला शिक्षा केंद्र सतना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2011 अधिसूचित किये गये हैं। इसके अनुसार म.प्र. सोसायटी रजिस्ट्रीकरण, पंजीकरण, म.प्र. लोक न्यास एवं भारतीय न्यास अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत संस्थायें निजी प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला की मान्यता प्राप्त करने के लिये पात्र होंगी। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया के आरटीई अधिनियम के अनुसार उपलब्ध मान एवं मानकों की पूर्ति करने वाले अशासकीय स्कूल को जिला परियोजना समन्वयक द्वारा 3 वर्ष के लिये जारी की जायेगी। उन्होने बताया कि कक्षा-8 तक समस्त अशासकीय स्कूल सत्र 2023-24 की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये आरटीई एमपी मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी तक कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 जनवरी से शुरु हो चुकी है।10वीं एवं 12वीं की प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित सतना 20 जनवरी 2023/माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं हाई स्कूल एवं कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी स्कूल एवं समकक्ष सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है तथा नियमित विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा उनके अपने स्कूल में और प्राइवेट स्टूडेंट्स की प्रैक्टिकल परीक्षा उनके परीक्षा केंद्र में आयोजित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के आदेश के अनुसार परीक्षा वर्ष 2023 की हाई स्कूल हाई सेकेंडरी परीक्षा एवं हायर सेकेंडरी व्यवसायिक पाठ्यक्रम, पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण पत्र उपाधि एवं शारीरिक प्रशिक्षण परीक्षा के नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं उनसे संबंधित अध्ययनरत शालाओं में तथा स्वाध्याय छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा केंद्र में होगी। स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षाएं 1 मार्च से 30 मार्च तक तथा नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं अध्ययनरत संस्था में 13 फरवरी से 26 फरवरी के मध्य संपन्न की जाएगी।

# बिल्थरारोड-औड़िहार-इंदारा सहित स्टेशनों का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बिल्थरारोड(बलिया)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने आज शनिवार को रेल अधिकारियो संग विंडो टेलरिंग निरीक्षण के दौरान दोहरीकरण,विद्युती करण से संबंधित बिल्थरारोड स्टेशन पर हुए विकास कार्यों की समीक्षा की उस दरम्यान अवैध अतिक्रमण देख भड़क गए।डीआरएम ने तत्काल हटाने के लिऐ निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। बिल्थरारोड स्टेशन पर डीआरयूसीसी के सदस्य देवेन्द्र कुमार गुप्त और व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार जायसवाल मंटू सहित व्यापारियों आम जनमानस ने डीआरएम रामाश्रय पांडेय को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। रेलवे के विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने इस खण्ड पर चल रही दोहरीकरण, विद्युतीकरण समेत अन्य निर्माण परियोजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों के दौरान संरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। इस निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने बिल्थरारोड स्टेशन का निरीक्षण किया।इस दौरान स्टेशन की परिचलनिक व्यवस्था,यात्री सुख सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के प्रवेश द्वार का ड्रेनेज ठीक करने एवं खाली पड़ी रेलवे भूमि पर पे एण्ड यूज शौचालय बनाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व मंडल रेल प्रबंधक ने मऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, पे एण्ड यूज शौचालय,



स्टेशन पैनल, प्लेटफार्म, यात्री आरक्षण केंद,फूड स्टाल,एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, वेंडरों के लाइसेंस एवं यात्री सुख सुविधाओं का निरीक्षण किया।इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने इंदारा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इंदारा-दोहरीघाट रेल परियोजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो कार्य योजना देखी एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने औड़िहार-भटनी रेल खण्ड के विंडो ट्रेनिंग निरीक्षण के दौरान औड़िहार रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की साफ सफाई, स्टेशन पैनल, स्टेशन, अधीक्षक रूम में विकास कार्यों में लगे अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से प्रगति की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने औड़िहार में निर्माणाधीन तीन नए प्लेट फॉर्म, प्रतीक्षालय, अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउन्टरों का निरीक्षण किया। तदुपरान्त अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से विंडो ट्रेनिंग निरीक्षण करते हुए मा माहपुर स्टेशन पहुँचे और स्टेशन का निरीक्षण किया।उन्होंने ने अधिकारियों को अर्निंग बोर्ड तथा आस-पास बिखरे परित्यक्त सामानों को व्यवस्थित ठंग से रखने का आदेश दिया उसके बाद उन्होंने सेफ्टी हेतु पॉइंट न0 204 का गेज परीक्षण किया। पाई गई कमियों हेतु संबंधित को कार्यवाही का आदेश दिया।तदुपरान्त मंडल रेल प्रबंधक विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए सादात स्टेशन पहुंचे और सादात में स्टेशन पैनल, प्लेटफार्म, स्टेशन भवन तथा स्टेशन पर चल रहे कार्यों का गहन निरीक्षण किया उन्होंने ग्रामीण एवं मीडिया कर्मी को बताया कि औड़िहार-सादात रेलखण्ड का दोहरीकरण का कार्य एव सेकेण्ड इंट्री गेट का निर्माण मार्च माह के अंत तक पूर्ण हों जायेगा।उन्होंने सादात रेलवे स्टेशन भवन की छत पर लगे सोलर प्लेटे का भी निरीक्षण किया। इसके बाद निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने दुल्लहपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। स्टेशन भवन के मुख्य द्वार के बाहर यात्रियों की सुविधा हेतु अप्रोच रोड बनाने का निर्देश दिया।इसी क्रम में उन्होंने पिपरिडीह स्टेशन का भी निरीक्षण किया और स्टेशन पर रेलवे की भूमि पर से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय संग मुख्य परियोजना प्रबंधक-3 (न्ध्) रेल विकास लिमिटेड वी0के0 शुक्ला, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा,उपमुख्य इंजीनियर निर्माण, पंकज सिंह,उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर निर्माण आशुतोष पाण्डेय,एवं उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण नितेश पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ए0पी0 सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा,वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर द्वितीय यशवीर सिंह वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आर0 एन0सिंह, वरिष्ठ विधुत इंजीनियर आपरेशन अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औड़िहार-भटनी रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रहे हैं। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने मीडिया को बताया कि इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अपनी निरीक्षण स्पेशल से भटनी के लिए रवाना हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद गणेश सिंह के अथक प्रयास से रीवा जबलपुर इंटरसिटी का स्टॉपेज अब झुकेही स्टेशन में भी होगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** सांसद गणेश सिंह के अथक प्रयासों से रविवार को रीवा जबलपुर इंटरसिटी गाड़ी न. 22189/90 का स्टॉपेज झुकेही स्टेशन में हुआ इस अवसर में संसद प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता जेड आर यू सी सी के सदस्य संजय राय जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उनके साथ मंचाशीन रहे भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य अवधेश परौहा चंद्रभान पटेल रमाकांत दुबे मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे एरिया मैनेजर आशीष जी राजेश पटेल जी व संचालन के के दुबे जी ने किया इस अवसर पर मंचाधीन अतिथियों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर अरविंद गर्ग जी राजकुमार त्रिपाठी जी इंटरसिटी स्थापित झुकेही में होने पर सांसद सतना गणेश सिंह जी एवं सांसद प्रतिनिधि संजय



राय जी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि निश्चय ही सांसद सतना गणेश सिंह जी एवं संजय राय जी बधाई के पात्र हैं जिनके प्रयासों से यह ट्रेन क्षेत्रवासियों को मिली रेलवे बोर्ड की बैठक में गंभीरता से इस मामले को संजय राय जी द्वारा बार-बार उठाया जाता था एवं सांसद महोदय से बार-बार स्टॉपेज किए जाने की बात संजय राय जी द्वारा की जाती थी जिसका नतीजा यह हुआ कि क्षेत्र की जनता को उक्त ट्रेन की सौगात मिली साथ ही मांग की है।

# सतना में मनाई गई पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव की शोक श्रद्धांजलि सामाजिक न्याय एवं समता का सिपहसालार हमारे बीच नहीं–निराला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** भारत के करोड़ों लोगों को न्याय दिला कर विकास की मुख्यधारा में लाने वाले समता



समानता बंधुत्व के महान सिपहसालार मंडल मसीहा पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव हमारे बीच नहीं रहे। जिसकी भरपाई होना आसान नहीं है। उक्त विचार संघ के संस्थापक बीएल यादव निराला ने श्रद्धांजलि सभा में समय व्यक्त किया स्वर्गीय शरद यादव द्वारा चलाई गई मसाल आधुनिक भारत के राजनैतिक सामाजिक इतिहास का भविष्य कालिक राजनीति का मुकम्मल मार्ग प्रशस्त करती रहेगी। भारत जैसे विशाल जनतांत्रिक देश के 3 राज्यों में 7 बार लोकसभा सांसद तीन बार राज्यसभा सांसद रहे शरद यादव ऐसे सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक न्याय के महान क्रांतिकारी योद्धा शरद यादव को अखिल भारतीय समाजवादी संघ आपको सलाम करता है उक्त विचार संघ के संस्थापक बीएल निराला ने महान समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर शोक संवेदना में व्यक्त किया श्री निराला ने राष्ट्र के नाम प्रेषित संदेश में स्पष्ट कहा कि शरद जैसे लोग कभी मरते नहीं वह हमेशा आते हैं। आज भले ही वह हमारे बीच में का एक रुप में नहीं है पर आत्म सम्मान आत्मबल एवं कुशल सामाजिक राजनैतिक बदलाव के संवाहक के रूप में भारतीय जनमानस के दिलों पर हमेशा हमेशा के लिए जिंदा रहेंगे। आगे आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन संघर्ष में सीखेंगे ईश्वर उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके परिवार एवं चाहने वालों को सुख शांति प्रदान करें।और अवसर पर कांग्रेश पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव अजय सोनी, आप नेता अमित सिंह, अभीशासक के. पी.पाल, पूर्व पार्षद महेंद्र वर्धन, पप्पू साहू, सावन कपूर, सोनू पाल, प्रभु शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य सुदामा प्रजापति एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।सारंगर्भित विचार रखकर परिनिर्वाण प्राप्त शरद यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मैहर युवा कांग्रेस ने नियुक्त किए सभी ब्लॉक के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर ।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश




कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ , पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया) , भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लवारू , भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी श्रीनिवास , भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव (प्रभारी मप्र) अखिलेश यादव , भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव (सह-प्रभारी मप्र) नईम प्रधान , प्रदेशाध्यक्ष युवा कांग्रेस मप्र विक्रांत भूरिया , विंध्य प्रभारी प्रदेश महासचिव इमरान मंसूरी , प्रभारी सतना युवा कॉंग्रेस सौरभ बुंदेला , प्रदेश सचिव मप्र युवा कॉंग्रेस बृजेन्द्र शर्मा (छोटू भैया) व मैहर युवा कॉंग्रेस के निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) की सहमति से जिला युवा कांग्रेस सतना अध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू के द्वारा मैहर विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षो एवं उपाध्यक्षों की नियुक्ति कर नियुक्ति पत्र जारी किया गया है , जिसमें मैहर शहर अध्यक्ष लवकुश त्रिपाठी व उपाध्यक्ष सरद हरिजन विधानसभा अध्यक्ष लल्ला ने कहा कि देश के सबसे बड़े युवा संगठन युवा कांग्रेस के आप सब पदाधिकारियों को बहुत शुभकामनाएं , मुझे पूरा विश्वास ही कि हम सब मिलकर अपने लक्ष्य 2023 के लिए संकल्पित है और उसके लिए हमे जो भी करना पड़ेगा हम सब तैयार है आप सब भी कमर कस लो , लल्ला ने कहा कि युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता अपने आपको कभी कमजोर और अकेला महसूस नही करता क्योंकि एक एक कार्यकर्ता 1000 के बराबर है और अपने लक्ष्य के लिए पूरी ईमानदारी के साथ लगा है। लल्ला ने युवाओं से कहा कि सरकार तो कांग्रेस की बन ही रही है और मैहर में विधायक भी कांग्रेस का ही बनेगा आप सब जो भस्ट्राचार कर रहे है ऐसे अधिकारियों का नाम अपने डायरी में लिख कर रखना इनको ठीक करने का काम सरकार आने के बाद किया जाएगा । जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस कार्यालय में पूर्व सरपंच रामसिंह बुंदेला , जिला महासचिव विपिन सिंह बघेल , प्रवक्ता नवनीत श्रीवास्तव , जिला महासचिव मोनीष अली , महासचिव राजेन्द्र खरे , महासचिव नागेंद्र सिंह , सरपंच ललित तिवारी , पूर्व सरपंच विजय सिंह , पूर्व पार्षद दिनेश सावलानी गगु , महासचिव आदर्श पूरी गोस्वामी , महासचिव शुभम त्रिपाठी , विधानसभा उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा , महासचिव हर्ष लालवानी , राज गुप्ता , कान्हा चौरासिया , नीतीश चौरासिया , शिवम कुशवाहा , अनिकेत सिंह , सद्दाम खान , अनस खान , आशु त्रिपाठी , अभिषेक सिंह लोधी , विक्की पटेल सहित काफी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मैहर उदयपुर में महिला ने लगाई फांसी,2 माह का बच्चा भी मृत मिला




(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर ।** मैहर नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 उदयपुर के कोरियान मोहल्ले में महिला ने लगाई फांसी, महिला के कमरे में 2 माह का नवजात भी मृत अवस्था मे मिला,कमरे में मिला सुसाइड नोट, एसडीओपी मैहर लोकेश डावर,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,चौकी प्रभारी संतोष उलाड़ी पुलिस बल के साथ घटनास्थल की जांच करने पहुँचे।पुलिस ने पंचनामा बनाकर घर का दरवाजा तोड़वाया महिला फांसी में लटकी मिली महिला वही नवजात बच्चा भी मृत मिला परिजनों से और आस पास पड़ोस में पूछताछ जारी है।

# सपा ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** समाजवादी पुरोधा एवं छोटे लोहिया के नाम से मशहूर स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि सेक्टर 102 स्थित भंगेल कार्यालय में मनाई



गई। इस अवसर पर जिला ग्रामीण के निवर्तमान महासचिव व प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने सपा नेताओं के साथ जनेश्वर मिश्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए सपा ग्रामीण के निवर्तमान महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के प्रति दृढ निष्ठा के कारण पण्डित जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चैधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, एचडी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला। उन्होंने गरीबों, मजदूरों, किसानों व नौजवानों के हित के लिए जीवन भर संघर्ष किया। छात्रों के मुद्दे पर जनेश्वर मिश्र ने कई आंदोलन छेड़े जिसमें छात्रों ने उनका बढ-चढ़ कर साथ दिया। 1967 में उनका राजनैतिक सफर शुरू हुआ। फूलपुर सीट पर 1969 में उपचुनाव हुआ तो जनेश्वर मिश्र सोशलिस्ट पार्टी से मैदान में उतरे और जीते। लोकसभा में पहुंचे तो राजनारायण ने छोटे लोहिया का नाम दिया। इस अवसर पर व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने चुनाव में इंदिरा मंत्रिमंडल में पेट्रोलियम मंत्री केडी मालवीय एवं राजघराने के वीपी सिंह जैसे दिग्गजों को परास्त करने का काम किया। राजनैतिक शुचिता के पक्षधर , गरीबों,किसानों,नौजवानों की आवाज को जीवन भर बुलंद रखने वाले जनेश्वर जी सभी के हृदय में हमेशा मौजूद रहेंगे। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाजवाद की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जय करण चौधरी, व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल, निवर्तमान कोषाध्यक्ष संजय त्यागी, विनोद सिंह, सुबोध गोयल, अनिल कुमार जिंदल, रवीन्द्र चौहान, दीपक, रोहित सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी समाधान अपनाने के साथ-साथ पैदल गश्त जैसे पारंपरिक पुलिस तंत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया। पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 57वें अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अप्रचलित आपराधिक कानूनों को निरस्त करने, राज्यों में पुलिस संगठनों के लिए मानकों के निर्माण का सुझाव दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षमताओं का लाभ उठाने और सर्वोत्तम तरीकों को साझा करने के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया।बयान के मुताबिक, उन्होंने उन्होंने अधिकारियों द्वारा लगातार दौरे कर सीमा के साथ-साथ तटीय सुरक्षा को मजबूत करने पर चर्चा की।प्रधानमंत्री ने पुलिस बल को अधिक संवेदनशील बनाने और उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया और एजेंसियों में डाटा विनिमय को सुचारू बनाने के लिए राष्ट्रीय डाटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने सुझाव दिया कि जहां पुलिस बल को बायोमेट्रिक्स आदि जैसे तकनीकी समाधानों का और अधिक लाभ उठाना चाहिए, वहीं पैदल गश्त जैसे पारंपरिक पुलिस तंत्र को और मजबूत करने की भी आवश्यकता है। मोदी ने जेल प्रबंधन में सुधार के लिए जेल सुधारों का भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उभरती चुनौतियों पर चर्चा करने और अपनी टीम के बीच सर्वोत्तम तरीकों को विकसित करने के लिए राज्य और जिला स्तरों पर डीजीपी/आईजीपी सम्मेलनों के मॉडल को दोहराने का आह्वान किया। सम्मेलन में पुलिस तंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें आतंकवाद रोधी, जवाबी कार्रवाई और साइबर सुरक्षा शामिल हैं।बयान में यह भी कहा गया था कि प्रधानमंत्री न केवल सभी सूचनाओं को धैर्यपूर्वक सुनते हैं, बल्कि स्वतंत्र और अनौपचारिक चर्चा को भी प्रोत्साहित करते हैं ताकि नए विचार सामने आ सकें।

# आधुनिक डिजिटल परिवेश में सफल मार्केटिंग हेतु आर्टिफीशियल इन्टेलिजेंस में बदलाव की आवश्यकता है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट आफ मैनेजमेण्ट एण्ड रिसर्च के पीजीडीएम विभाग में ठट्रांसफार्मिंग मार्किटिंग विद आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स रिइन्वेटिंग कस्टमर एक्सपिरियन्सेस इन द डिजिटल एराठ विषय पर




एक दिवसीय मार्केटिंग समिट 2023 का सफल आयोजन किया गया। इस समिट के उद्घाटन समारोह के अवसर पर समिट के सम्माननीय अतिथियों में मीडिया जगत के प्रख्यात पत्रकार प्रभु चावला के अतिरिक्त कारपोरेट जगत से इन्फोएज़ इण्डिया लिमिटेड के सीएमओ सुमित सिंह, अल्ट्राटेक सीमेण्ट लिमिटेड के संयुक्त अध्यक्ष सुमत गुप्ता, मदरडेयरी के मार्केटिंग हेड नेहल वोरा, इण्डिया एशियन कन्सेट्रिक्स के सीनियर मार्केटिंग डायरेक्टर शान्तनु चक्रवर्ती, प्राइस वाटर हाउस कूपर्स के निदेशक डॉ0 अपराजिता प्रसाद, आईएफबी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के बिजनेस हेड सौरभ त्यागी, वेबिजडम के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अमरदीप बाजपेयी एवं एफएमएस, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ0 हर्ष वर्मा, आइएमटी गाजियाबाद के प्रोफेसर डॉ0 हरविन्दर सिंह आदि ने अपने विचार एवं अनुभवों को साझा किया। जीएल बजाज संस्थान के छात्रों, शिक्षक एवं कर्मचारीयों के साथ अन्य शैक्षिक संस्थाओं के लगभग 600 विद्वानों ने इस समिट में भाग लिया।मुख्य अथिति प्रभु चावला ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र अपने विवेक का इस्तेमाल करके ही टेक्नालॉजी को अपनायें व्यावसायिकता में प्रयोग कर सकते है लेकिन छात्र इस पर पूरी तरह निर्भर न रहे। सुमत गुप्ता ने उत्पादन की भौतिक उपस्थिति, मजबूत वितरण, सप्लाई चेन और आपरेशन पर इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इण्डस्ट्री की सफलता में विनिर्माण रसद, चैनल पार्टनर, उपभोक्ता सीआएम मूल्य श्रृंखला के सदस्यों से विचार-विमर्श आदि की महत्वपूर्ण महत्ता पर भी प्रकाश डाला। सभी पैनलिस्ट जनों ने अपने विषयक वक्तव्यों एवं अपने अनुभवों को छात्रों से साझा किया, जिससे छात्र निश्चित रूप से मार्केटिंग की बारीकियों को सीखकर लाभान्वित होंगे। संस्थान की निदेशिका डॉ0 सपना राकेश ने सभी सम्मानित अतिथियों व पैनलिस्ट जनों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस समिट का प्रमुख उद्देश्य छात्रों में आधुनिक डिजिटल परिवेश में मार्केटिंग की बारीकियों एवं क्षमता का विकास करना था। प्रश्नोत्तर सत्र में सभी पैनलिस्टों ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया। समिट के मुख्य समन्वयक जीएल बजाज के शिक्षकगण डॉ0 सुरभि सिंह, डॉ0 अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ0 सुनीता श्रीवास्तव एवं डॉ0 अमित कुमार ने सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना लगभग 7 लाख किसानों को 140 करोड़ से अधिक सहायता राशि का वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर ।**मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना लगभग 7 लाख किसानों को 140 करोड़ से अधिक सहायता राशि का वितरण 22 जनवरी 2023 को स्थान सभाकक्ष तहसील कार्यालय मैहर में मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन किसान सहायता राशि का वितरण करेंगे, आज लगभग 35 हजार मैहर के किसान सीएम किसान सम्मान निधि से मुख्यमंत्री के हाथों लाभवन्तित होंगे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी नपा अध्यक्ष गीता सोनी के अगुआई में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान मैहर तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह द्वारा पुष्पगुक्ष देकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी नपा अध्यक्ष गीता सोनी का सम्मान व स्वागत किया गया साथ ही आज तहसील मैहर के सभागार में मंच पर संजय रॉय, सत्यभान पटेल, संतोष सोनी, सहित आरआई दिनेश तिवारी , पटवारी मिथलेश तिवारी, देवेंद्र शुक्ल, नीलेश त्रिपाठी, लक्ष्मी, सुरेश मिश्रा, माला भटाचार्य, सिद्धार्थ पांडेय, एवम क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे, मंच का सफल संचालन राजलालन मिश्रा द्वारा किया गया।



# लायंस क्लब नोएडा ने लगाया विशाल मोतियाबिंद शिविर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** लायंस क्लब नोएडा द्वारा आंखों की मुफ्त जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु कैंप का आयोजन हॉस्पिटल गाजियाबाद के चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए गाजियाबाद पहुंचाने का प्रबंध लायंस क्लब ला मान सिंह चौहान, ला मुकुल बाजपेई, ला डा निमेश कुमार, ला आईआर छाबड़ा, रामवीर शर्मा तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित




आज दिनांक 22 जनवरी 2023 को ग्राम सदरपुर के बरात घर में आयोजित किया गया। कैंप में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक लोगों ने आंखों की जांच करवाई। जरूरतमंद लोगों को यथार्थ हॉस्पिटल के सौजन्य से सभी मरीजों की शुगर जांच तथा ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इसके बाद मरीजों की आंखों की जांच की गई और उनके आंखों के व्याधि के अनुसार दवाई दी गई। जिन मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की के लिए पाया गया उनको लायंस आई नोएडा द्वारा किया गया। इस कैंप में 109 व्यक्तियों की जांच की गई जिसमें से 21 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाए गए जिन्हें आज ही गाजियाबाद में लायंस आई हॉस्पिटल पहुंचाया जाएगा। कल इनका ऑपरेशन होने के उपरांत इनको वापस नोएडा पहुंचा दिया जाएगा। कैंप में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में सहयोग दिया तथा मरीजों का मार्गदर्शन करते देखे गए। कैंप में अध्यक्ष ला रचना यादव, कोषाध्यक्ष ला दीप्ति वार्ष्णेय, ला उमेश कुमार, ला आर एस यादव, रहे। लायंस गाजियाबाद स्थित लायंस आई हॉस्पिटल पूर्ण रूप से आधुनिक तकनीक व मशीनों से सुसज्जित हॉस्पिटल है जिसमें प्रतिवर्ष कई लाख मरीजों की निशुल्क मोतियाबिंद चिकित्सा की जाती है। इस शिविर में हरौला बरौला सदरपुर छलेरा खोड़ा अग्गापुर से काफी लोगो ने इस शिविर में पहुंच कर निशुल्क सेवा का लाभ उठाया। इस शिविर में नेत्र में मोतियाबिंद की जांच के अलावा सामान्य एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा आए रोगियों की निशुल्क जांच की गयी।

# प्रदेश महासचिव बनाए गए धर्मेश घई मिली बड़ी जिम्मेदारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर ।**कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष रह चुके धर्मेश घई रोमी भैया को रास्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के मुखिया पूर्व रास्ट्रीय अध्यछ राहुल गाँधी की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के कांग्रेस अध्यछ एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है बताया जा रहा है कि यह धर्मेश घई रोमी भैया की कार्यकुशलता एवं संगठन को तेजी से बढ़ाने की क्षमता को देखते हुए उन्हें दायित्व सौंपा गया है अब जिसको लेकर पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए धर्मेश घई तेजी से काम करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस को हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकजुट कर एक मजबूत मुट्ठी बनाने का काम किया जाएगा धर्मेश घई है के प्रदेश सचिव बनने के बाद विंध्य में भी तेजी से कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी ।



# शो की वनर बनी ये नन्ही कंटेस्टेंट, चमचमाती ट्रॉफी के साथ मिला लाखों का चेक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स 9 को अपना विनर मिल चुका है। टैलेंटेड बच्चों की खूबसूरत आवाज से सजा ये शो पिछले तीन महीनों से टीवी पर टेलीकास्ट किया जा रहा था। महीनों के संघर्ष के बाद आखिरकार एक लिटिल चैंप ने शो जीतकर चमचमाची ट्रॉफी अपने नाम की और लाखों का चेक जीतकर घर ले गया। सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स सीजन 9 के फिनाले में टॉप 6 कंटेस्टेंट्स ने अपनी जगह बनाई। इनमें हर्ष सिकंदर, रफा यासमीन, अथर्व बक्शी, अतनु मिश्रा, जेटशेन लामा और न्यानेश्वरी घाडगे का नाम शामिल है। वहीं, विनर की बात करें तो सा रे गा मा पा सीजन 9 की ट्रॉफी 9 साल की नन्ही जेटशेन डोहना लामा ने उठाई। जबकि, फर्स्ट रनरअप हर्ष सिकंदर और सेकेंड रनरअप न्यानेश्वरी घाडगे बने। सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स 9 के ग्रैंड फिनाले का शानदार आगाज किया गया है। कॉमेडियन भारती सिंह ने अपने ह्यूमर से दर्शकों को खूब एंटरटेन किया तो वहीं, शो के सभी टॉप 6 कंटेस्टेंट्स ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस दी। जैकी श्रॉफ और अनु मलिक बतौर गेस्ट शो में पहुंचे। सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स 9 को बॉलीवुड के दो दिग्गज सिंगर्स नीति मोहन और शंकर महादेवन जज कर रहे थे। ग्रैंड फिनाले में इन दोनों ने भी अपनी सुरीली आवाज में गाना गा कर समां बांध दिया। सा रे गा मा पा के इस सीजन को जेटशेन डोहना लामा ने जीतकर हर किसी से सराहना बटोरी। चमचमाती ट्रॉफी के साथ-साथ जेटशेन को इनाम के रूप में लाखों का चेक भी दिया गया। सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स सीजन 9 की इनाम राशि 10 लाख रुपये है।



# प्रियंका चोपड़ा ने पति निक और बेटी मालती संग यूं मनाया अपना संडे, शेयर की फैमिली फोटो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अमेरिका में अपनी बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं। हाल ही में इस कपल ने अपनी लाडली का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया था।



हालांकि सोशल मीडिया पर सेलिब्रेशन की कोई तस्वीर शेयर नहीं की थी, लेकिन इस बारे में निक जोनस ने खुलासा किया था। इसी बीच अब प्रियंका ने बेटी संग कुछ और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। अपनी फैमिली के साथ प्रियंका चोपड़ा कैलिफोर्निया के बीच पर मस्ती करती नजर आई। देसी गर्ल ने अपना संडे अपने अंदाज में मनाया। हालांकि इस बार भी उन्होंने मालती का चेहरा नहीं दिखाया है। ऐसे में यूजर कमेंट कर रहे हैं कि वह जल्द से जल्द अपनी बेटी का चेहरा दिखाए। हाल ही में पीसी ने बेटी मालती मैरी चोपड़ा के लेटेस्ट फोटोशूट का बीटीएस वीडियो शेयर किया था। इस दौरान मां-बेटी की रेड ड्रेस में ट्यूनिंग करती नजर आई थी। प्रियंका की बेटी लाइमलाइट का हिस्सा बन चुके हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस सरोगेसी के जरिए 15 जनवरी 2022 में मालती मैरी चोपड़ा जोनस के पेरेंट्स बने थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो पीसी हॉलीवुड फिल्म 'इट्स ऑल कमिंग बैक टू मी' में नजर आएंगी। इसके अलावा वह रूसो ब्रदर्स की सीरीज 'सिटाडेल' में भी नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड की बात करें तो जल्द फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में कटरीना और आलिया भट्ट के साथ पहली बार पर्दे पर नजर आएंगी।

# निमृत को फिल्म में लेकर बुरी फंसी एकता कपूर, रिलीज से पहले ही लोगों ने किया एलडीएस-2 का बायकॉट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 में इस बार कैंपस प्लेसमेंट हुई है। गौतम विग, अंकित गुप्ता से लेकर निमृत





कौर अहलूवालिया तक सबको शो खत्म होने से पहले ही काम मिल गया। हाल ही में वीकेंड का वार में पहुंची टीवी क्वीन एकता कपूर ने ऐलान किया कि वो अपनी आने वाली फिल्म एलएसडी 2 में निमृत को कास्ट करने वाली है। पहले लगा था कि एकता, प्रियंका को लेकिन उन्होंने निमृत का नाम लेकर सबको चौंका दिया दिबाकर बनर्जी के साथ शो में नजर एकता ने एक स्क्रीन टेस्ट लिया जिसमें एक्ट्रेस को नागिन के डायलॉग पर परफॉर्म करना था। इस टेस्ट में निमृत पास हो गई थी और एकत ने उन्हें अपनी फिल्म में ले लिया। इस चर्चा सोशल मीडिया पर जमकर हुई। निमृत के फैंस को जहां खुशी हुई तो वहीं कुछ ऐसे हैं जिन्हें ये रास नहीं आया। लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि एकता कपूर की एलएसडी 2 को किसी हाल में नहीं देखेंगे। एकता कपूर को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया जा रहा है। एक ने कहा कि निमृत को लेकर अच्छा नहीं किया तो वहीं दूसरे का कहना था कि ऐसे तो फिल्म रिलीज होने से पहले ही फ्लॉप हो जाएगा। बता दें कि एकता कपूर की फिल्म 'लव सेङ्स और धोखा'का पहला पार्ट साल 2010 में रिलीज हुआ था, जिसे दिबाकर बनर्जी ने डायरेक्ट किया था। अब इसका दूसरा पार्ट जल्द ही आने वाला है। बता दें कि पिछले सीजन की विनर तेजस्वी प्रकाश को एकता कपूर ने अपने सीरियल नागिन में लीड के लिए कास्ट किया था। इस बार वो अपने अपनी लीड एक्ट्रेस की तलाश में बिग बॉस 16 के सेट पर पहुंची थी लेकिन अब तक ये खुलासा नहीं किया है कि वो कौन होगी जो इस साल नागिन बनेगी। बिग बॉस का फिनाले भी करीब आ गया है और घर में सौंदर्या शर्मा के जाने के बाद अब 8 लोग बचे है। जिसमें शिव और प्रियंका को सबसे मजबूत समझा जा रहा है।

# संगीत सेरेमनी में बेशरम रंग से लेकर हम्मा हम्मा गानों पर सेलेब्स ने किया जमकर डांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेटर केएल राहुल आज अपनी दुल्हनिया लेकर आने वाले हैं। 23 जनवरी को बॉलीवुड





एक्ट्रेस अथिया शेट्टी संग शादी परिवार और रिश्तेदारों की मौजूदगी में सात फेरे लेंगे। अथिया और केएल राहुल की शादी सुनील शेट्टी के खंडाला स्थित फार्म हाउस पर होने जा रही है। सोशल मीडिया पर इस कपल की शादी को लेकर काफी बज बना हुआ है। 22 जनवरी को अथिया और केएल राहुल की संगीत और मेहंदी सेरिमनी हुई, जिसमें बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की कई हस्तियां पहुंचीं। सोशल मीडिया पर वेडिंग वेन्यू की कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं जिसमे फार्म हाउस को खूबसूरत लाइटों और फूलों से सजाया गया है। इतना ही ही शाह रुख खान की फिल्म पठान का गाना बेशरम रंग बजता नजर आ रहा है। अंदर कुछ लोग डांस भी करते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन किसी का चेहरा साफ तरह से नजर नहीं आ रहा है। संगीत सेरिमनी का यह फंक्शन देर रात तक चला है। इस दौरान कई फिल्मी सेलेब्स और क्रिकेटर भी शामिल हुए। जाने-माने फोटोग्राफर रोहन श्रेष्ठा, क्रिकेटर वरुण आरोन, ऋतिक भसीन, पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल भी इस पार्टी का हिस्सा रहे। खबरों की माने तो एक्टर अर्जुन कपूर और उनकी बहन अंशुला इस पार्टी में शामिल हुए थे। रविवार को सुनील शेट्टी ने अपने फार्म हाउस से बाहर आकर मीडिया से मुलाकात भी की थी। उन्होंने वहां मौजूदा पैपराजी से कहा था कि शादी के बाद वह बेटी अथिया और केएल राहुल को पैपराजी से मिलवाएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं कल लेके आता हूं बच्चों को। आपने जो प्यार दिखाया है, उसके लिए बहुत-बहुत थैंक यू।' रस्मों और फंक्शन के लिए सुनील शेट्टी के फार्म हाउस को खूबसूरत लाइटों और फूलों से सजाया गया है। वेडिंग थीम को व्हाइट रखा गया है।

# अर्चना गौतम के साथ किचन में हुआ हादसा चीखते-चिल्लाते हुए बेहाल हुईं एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 की कंटेस्टेंट अर्चना गौतम शो की ऐसी खिलाड़ी हैं, जो किसी से न डरने के लिए जानी जाती हैं। साजिद खान हो या सलमान खान एक्ट्रेस ने हमेशा अपना पक्ष मजबूती से रखा है। बिग बॉस के घर से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो चीखते- चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं। किचन में हुआ हादसा बिग बॉस 16 के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अर्चना गौतम किचन एरिया में नजर आ रही हैं और चूल्हे पर कुछ बना रही हैं। अचानक किचन में कुछ होता है, जिसे देखते ही अर्चना जोर-जोर से चीखने लगती हैं और चिल्लाते हुए लिविंग एरिया की ओर दौड़ पड़ती हैं, उनकी आवाज सुनकर बाकी घरवाले उनकी तरफ भागते है।बेहाल अर्चना को चिल्लाते हुए देखकर प्रियंका चाहर चौधरी और टीना दत्ता उनसे बार-बार पूछती हैं कि आखिर हुआ क्या है, लेकिन डरी हुई अर्चना सिर्फ चिल्लाती रहती हैं। यहां देखें वीडियो, बीते हफ्ते बिग बॉस 16 से बाहर होने के लिए चार कंटेस्टेंट नॉमिनेटेड थे। इनमें शालीन भनोट, टीना दत्ता, सुंबुल तौकीर खान और सौंदर्या शर्मा का नाम शामिल है। बिग बॉस अपने फिनाले राउंड की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में कोई भी कंटेस्टेंट घर से बेघर नहीं होना चाहता, लेकिन शो की शुरुआत से घर में अपनी जगह बनाने में कामयाब सौंदर्या का सफर खत्म हो चुका है। वीकेंड का वार में एक्ट्रेस को नॉमिनेशन की मार झेलनी पड़ी और वो शो से एलिमिनेट हो गईं। बिग बॉस 16 के घर में अब तक सौंदर्या शर्मा अर्चना गौतम की एकलौती दोस्त थीं, लेकिन हाल ही में उन्हें भी एलिमिनेशन के कारण शो छोड़कर जाना पड़ा। ऐसे में अर्चना एक बार फिर घर में अकेले पड़ गई हैं।





# अक्षय कुमार ने पीएम मोदी की फिल्मों को लेकर दी गई सलाह पर दी प्रतिक्रिया, कहा- बायकॉट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को फिल्मों को



लेकर दी गई सलाह पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि अगर हमारे प्रधानमंत्री ऐसा कुछ कहते हैं तो इसका अवश्य प्रभाव पड़ेगा। बॉलीवुड बायकॉट के चलते कई अच्छी फिल्मों को नुकसान हुआ है गौरतलब है कि बॉलीवुड बायकॉट पिछले कई वर्षों से ट्रेंड कर रहा है। इसका खामियाजा बॉलीवुड की कई अच्छी फिल्मों को भी भुगतना पड़ा है और वे भी फ्लॉप हुई है। इस बीच बायकॉट करनेवालों का मानना है कि बॉलीवुड फिल्मों के माध्यम से न सिर्फ अश्लीलता फैलाई जाती है बल्कि एक धर्म को नीचा भी दिखाया जाता है। इसी के चलते वे इस प्रकार के बायकॉट की मांग करते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की 2 दिन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह बिना बात के फिल्मों पर प्रतिक्रिया ना दें। इससे उनके द्वारा किए गए अच्छे कामों की चर्चा नहीं होती और दिनभर टीवी पर दिया गया बयान चलता रहता है। इसके चलते उनकी पूरी मेहनत बेकार हो जाती है।' अब इस पर अक्षय कुमार ने कहा है, 'मैं सकारात्मकता का स्वागत करता हूं अगर हमारे प्रधानमंत्री ऐसा कुछ कहते हैं तो वह भारत के सबसे बड़े इंफ्लुएंसर है और उन्होंने ऐसा कुछ कहा है तो बदलाव जरूर होगा।

# रिलेशनशिप पर कार्तिक आर्यन ने किया खुलासा, कहा- '2 साल तक डेट बुक है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इन दिनों कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। ऐसे में हर कोई एक्टर की प्रोफेशनल से लेकर पर्सनल लाइफ तक के बारे में जानना चाहता है।



कार्तिक ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप स्टेट्स के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वो 100 परसेंट सिंगल हैं। वहीं कार्तिक ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड से डेट के बारे में भी खुलासा किया। गर्लफ्रेंड के बारे में कही ये बात कार्तिक ने हाल ही में इंडिया टीवी के शो आप की अदालत में कार्तिक ने खुद को 'फैन मेड सुपरस्टार' बताया। वहीं उनकी एक्स गर्लफ्रेंड के बारे में सवाल पूछे जाने पर कार्तिक ने कहा, 'सर मैं सच बोलूंगा, सोच रहा हूं कितना सच। सर मुझे कॉफी पीना पसंद है, कोई मुझे डेट पर ले जाने के लिए पूछता है तो मुझे पता होता है कि वो कॉफी पिएंगे तो मैं उनके साथ चला जाता हूं। मेरे अंदर बहुत उदारता है। दो लोग एक साथ देख जाते हैं तो उसमें कोई न कोई व्यूज बन जाती है कि दोनों साथ में हैं और इनके बीच कुछ चल रहा है।'वहीं इंटरव्यू में जब कार्तिक से सारा अली खान और अनन्या पांडे के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं 100 प्रतिशत सिंगल हूं... दो साल तक के लिए मेरी सारी डेट्स साजिद नाडियाडवाला सर के साथ लॉक हैं।

# कांतारा के हिंदी वर्जन ने 'बायकॉट बॉलीवुड' के बीच सिनेमाघरों में 100 दिन कि पूरे, रिकॉर्ड तोड़ कमाई जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक की लोकप्रिय फिल्म कांतारा के हिंदी वर्जन ने सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे कर लिए हैं। यह अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। इस फिल्म ने काफी अच्छा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी किया 'कांतारा हिंदी ने सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे कर लिए हैं' इस बारे में फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने रविवार को जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है, 'कांतारा हिंदी ने बहुत अच्छा व्यापार किया है। पारंपरिक लोक साहित्य फिल्म ने सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे कर लिए हैं। हम इसके लिए हमारे दर्शकों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं।' इस अवसर पर फिल्म से जुड़े लोग भी काफी खुश थे। इसी प्रोडक्शन हाउस ने केजीएफ चैप्टर 2 भी बनाई थी।गौरतलब है कि फिल्म कांतारा कन्नड़ भाषा में




मात्र 20 करोड़ के बजट से बनाई गई थी। इसके बाद यह फिल्म रातों-रात सुपरहिट हो गई। फिल्म के निर्माता ने इसके बाद इसे कई भाषा में रिलीज किया, जिसमें तेलुगु और हिंदी भी शामिल है। इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ व्यापार करते हुए इतिहास रच दिया। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन ऋषभ शेट्टी ने किया है। वहीं, यह फिल्म पहले कन्नड़ और फिर हिंदी में रिलीज हुई थी। कांतारा फिल्म में मुख्य अभिनेता की भूमिका भी ऋषभ शेट्टी, सप्तमी गौड़ा और किशोर कुमार जी ने निभाई है। यह फिल्म अब तक 400 करोड़ से अधिक की कमाई बॉक्स ऑफिस पर कर चुकी है। यह 2022 की लोकप्रिय फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था। फिल्म में भारत के गांव- जंगल की कहानी बताई गई है। ऋषभ शेट्टी जल्द कई फिल्मों का निर्माण करने वाले है। वह कई फिल्मों में अहम भूमिका भी निभा चुके है।

# लोगों को पसंद आई लिओर राज की वेब सीरीज, एक कैरेक्टर कर रहे हैं मिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इजराइली वेब सीरीज फौदा सीजन 4 नेटफ्लिक्स पर 20 जनवरी 2023 को रिलीज हुआ है।



इसे देखने के बाद ट्विटर पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। इस वेब सीरीज में लिओर राज के अलावा हीशम सुलीमान, एग्जिट कोहेन और नेता गर्टी की अहम भूमिका है। सीजन 4 में 12 एपिसोड है और इन्हें नेटफ्लिक्स पर सब्सक्रिप्शन लेकर देखा जा सकता है। सीजन 4 की शुरुआत वहीं से होती है, जहां तीसरा खत्म हुआ है। डोरोन की भूमिका निभा रहे लिओर राज को गिल्टी फीलिंग होती है कि उनके एक टीममेट की मौत हो गई है और वह इसे लेकर गुस्सा होते हैं। कैप्टन अयूब डोरोन की मदद करने का प्रयास करते हैं। फौदा शो को ट्विटर पर अच्छे रिएक्शन मिल रहे हैं। एक ट्विटर यूजर ने लिखा है, फौदा वापस आ गया। सीजन 4 नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को जारी किया गया। ऐसा लग रहा है कि इस बार टीम अच्छा कर रही है।' एक अन्य ने लिखा है, 'फौदा का सीजन 4 आ गया है लेकिन एक जबरदस्त किरदार मिसिंग है और इसे लेकर मैं खुश नहीं हूं।' एक ने लिखा है, 'फौदा चार आ गया है और यह मेरे वीकेंड की बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है भारत में यह चौथा शो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा।गौरतलब है कि इस इजराइली वेब सीरीज को भारत में भी काफी पसंद किया गया है। इसी के चलते कई कलाकार इस बार हुए इफ्फी फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने भी आए थे और उन्होंने अपने फैंस से संवाद भी किया था। फैंस भी अपने बीच शो के कलाकारों को पाकर काफी खुश थे। शो एक्शन से भरपूर है। इसमें कई सीन काफी रोमांचित करने वाले है।

# सेट पर शाहरुख से पहली मुलाकात में सिद्धार्थ ने नहीं की थी बात, बताई ये वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा के एक्टिंग करियर की शुरुआत 2012





में आई फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से हुई थी, लेकिन इससे पहले सिद्धार्थ ने फिल्मों की बारिकियों को जानने के लिए करण जौहर के साथ असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। हाल ही में दिए इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने के दौरान शाहरुख खान के साथ पहली मुलाकात पर बात की। न्सिद्धार्थ ने शाहरुख खान से अपनी मुलाकात का एक्सपीरियंस शेयर करते हुए बताया, उस जगह पर सिर्फ मैं और शाहरुख सर थे... हम सड़क पर खड़े थे। फिर अचानक वो मुझसे बात करने लगे। उन्होंने कहा, 'तुम्हें पता है तुम्हें हमेशा अपने आसपास की चीजों को यूज करना आना चाहिए। मैंने सोचा यहां मेरे और उनके अलावा कोई नहीं है। तो वो किससे बात कर रहे हैं, क्योंकि वो जानते थे कि मैं एक्टर बनना चाहता था। तो उन्होंने बहुत प्यार से मुझे समझाया कि मुझे अपने आसपास मौजूद चीजों को सेट पर यूज करना आना चाहिए।' सिद्धार्थ ने आगे कहा, 'वो इस चीज में काफी तेज हैं। वो अपने आसपास पड़ी बहुत सी चीजों को प्रॉप की तरह यूज कर लेते हैं। उसके बाद उनके लिए मेरी रिस्पेक्ट और प्यार और बढ़ गया।वर्क फ्रंट की बात करें तो सिद्धार्थ की फिल्म मिशन मजनू 20 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।

# एलिमिनेट होते ही सौंदर्या शर्मा ने मारी पलटी, बोलीं- पहले मैं गौतम के साथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। इसे अपनी विनर मिलने में सिर्फ कुछ ही हफ्ते बचे हैं। ऐसे में सौंदर्या शर्मा घरवालों के वोट आउट करने से घर से बेघर हो गई हैं। अर्चना और निमृत कौर ने कोशिश भी की लेकिन फिर भी वो सौंदर्या को बचा नहीं पाई। घर से जाते हुए अर्चना ने सौंदर्या से कहा कि वो किसी भी हाल में गौतम से नहीं मिलेगी। एलिमिनेशन के बाद बॉम्बे टाइम्स से बात करते हुए सौंदर्या ने कहा कि वह अपने एलिमिनेशन को लेकर जरा भी हैरान नहीं थीं। उन्होंने का कि ये जनता की वोटिंग के जरिए नहीं हुआ है तो घरवालों ने मिलकर मुझे बाहर किया। मेरी जर्नी जैसी भी थी शो में काफी शानदार थी मुझे किसी से भी कोई शिकायत नहीं है। सौंदर्या ने कहा कि मैं कभी



भी किसी भी ग्रुप का हिस्सा नहीं थी। मैं हमेशा एक बहुत प्रोटेक्टिव माहौल में रही हूं ये पहली बार जब मैं घर से बाहर गई और ऐसे अलग-अलग लोगों के साथ रही। ये एक रियलिटी शो था जिसमें हर किसी का एक गेम प्लान है। ऐसे में उन्होंने सही किया एक मजबूत प्लेयर को बाहर निकाल कर। मेरे मन में किसी के लिए भी कोई हार्ड फीलिंग नहीं है। गौतम के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं, 'मैं अभी भी एक व्यक्ति के रूप में गौतम का सम्मान करती हूं। मुझे नहीं पता कि उनके या मेरे बारे में बाहर क्या कहा गया है क्योंकि मैंने अभी शो से बाहर कदम रखा है।' गौतम ने मेरे बारे में कहा है, मैं किसी भी बात पर रिएक्ट नहीं करूंगी। कैमरे के सामने लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए लोग कुछ भी कह सकते हैं। मैं उनमें से नहीं हूं जो लोगों को नीचा दिखाए या गंदे कमेंट करे। मैं पहले गौतम से बात करूंगी फिर कुछ रिएक्शन दूंगी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।